वर्ष 23, अंक 213, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 29 अगस्त 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### कोलकाता रेप-मर्डर, राष्ट्रपति बोलीं- बस बहुत हुआःमैं निराश और डरी हुई हूं

## ऐसी घटनाओं को भूल जाना समाज की खराब आदत

**नई दिल्ली**
कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस के 20 दिन बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पहला बयान आया है। उन्होंने कहा कि मैं घटना को लेकर निराश और डरी हुई हूं। अब बहुत हो चुका। समाज को ऐसी घटनाओं को भूलने की खराब आदत है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने ह्यविमेंस सेफ्टीः इनफ इज इनफह्ण नाम से एक आर्टिकल लिखा था, जिस पर उन्होंने मंगलवार (27 अगस्त) को ढळकके एडिटर्स से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोई भी सभ्य समाज अपनी बेटियों और बहनों पर इस तरह की अत्याचारों की इजाजत नहीं दे सकता।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8-9 अगस्त की रात 31 साल की ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। उनका शव सेमिनार हॉल में मिला था। उनकी गर्दन टूटी थी। मुंह, आंखों और प्राइवेट पार्ट्स से खून बह रहा था।

राष्ट्रपति ने लिखा- कोलकाता में हुई डॉक्टर के रेप और मर्डर की घटना से देश सकते में है। जब मैंने इसके बारे में सुना तो मैं निराश और भयभीत हुई। ज्यादा दुखद बात यह है कि यह घटना अकेली घटना नहीं है। यह महिलाओं के खिलाफ अपराध का एक हिस्सा है।



जब स्टूडेंट्स, डॉक्टर्स और नागरिक कोलकाता में प्रोटेस्ट कर रहे थे, तो अपराधी दूसरी जगहों पर शिकार खोज रहे थे। विक्टिम में किंडरगार्टन की बच्चियां तक शामिल थीं। कोई भी सभ्य समाज अपनी बेटियों और बहनों पर इस तरह की अत्याचारों की इजाजत नहीं दे सकता। देश के लोगों का गुस्सा जायज है, मैं भी गुस्से में हूं।

राष्ट्रपति बोलीं- समाज को खुद के अंदर झांककर मुश्किल सवाल पूछने होंगे

पिछले साल महिला दिवस के मौके पर मैंने एक न्यूजपेपर आर्टिकल के जरिए अपने विचार और उम्मीदें साझा की थीं। महिलाओं को सशक्त करने की हमारी पिछली उपलब्धियों को लेकर मैं सकारात्मक हूं। मैं खुद को भारत में महिला सशक्तिकरण की इस शानदार यात्रा का एक उदाहरण मानती हूं। लेकिन, जब भी मैं देश के किसी कोने में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के बारे में सुनती हूं तो मुझे गहरी पीड़ा होती है।

### 'बंगाल में लगी आग तो पूरा नॉर्थ ईस्ट जलेगा', बोलीं ममता बनर्जी, हिमंत सरमा ने किया पलटवार

**कोलकाता-** पश्चिम बंगाल की राजधानी में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप-हत्या मामले को लेकर पूरा देश गुस्से में है. भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की. यह मुद्दा अब इतना गरमा गया है कि नेता एक दूसरे को धमकाने पर उतर चुके हैं. सीएम ममता बनर्जी ने एलान किया कि कोलकाता मुद्दे को लेकर टीएमसी 31 अगस्त 2024 को राज्य के हर ब्लॉक में प्रदर्शन करेगी.

बंगाल बंद पर सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल में आग लगाने की कोशिश की तो सब जगह आग लगेगी. उन्होंने कहा, "कुछ लोगों को लग रहा है कि ये बांग्लादेश है... मुझे बांग्लादेश पसंद है, वहां के लोग हमारी तरह बात करते हैं. बांग्लादेश और बंगाल की संस्कृति एक है, लेकिन ये याद रखिएगा बांग्लादेश एक अलग देश है और भारत एक अलग देश. मोदी बाबू आप अपनी पार्टी को कहकर जो आग लगवा रहे हैं. याद रखिएगा अगर बंगाल में आग लगाएंगे तो असम भी चुप नहीं बैठेगा. पूर्वोत्तर राज्य भी नहीं थमेंगे... ना उत्तर प्रदेश, ना बिहार और नही ओडिशा थमेगा.

## पूजा खेडकर ने अपनी अयोग्ता को दिल्ली हाई कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्लीः ट्रेनी** आईएएस अफसर पूजा खेडकर पर अपने पद का दुरुपयोग लगा, जिसके बाद उनका पद भी उनसे छीन लिया गया था। अब पूजा ने अपनी अयोग्ता को चुनौती दी है। उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट में अपना जवाब दाखिल करते हुए कहा है कि संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के पास उनके खिलाफ कार्रवाई करने का कोई अधिकार नहीं है। खेडकर ने उल्लेख



किया कि अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1954 और प्रशिक्षु नियमों के तहत कार्रवाई केवल DoPT (कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग) ही कर सकता है, जो उरए 2022 नियमों के नियम 19 के अनुसार है। 31 जुलाई को, UPSC ने पूजा खेडकर की अस्थायी उम्मीदवारी रद्द कर दी थी और उन्हें भविष्य की किसी भी परीक्षा या चयन में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया था। यह निर्णय तब लिया गया जब खेडकर को अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने और CSE (सिविल सेवा परीक्षा) 2022 नियमों के प्रावधानों के विपरीत कार्य करने का दोषी पाया गया था।

## किसानों पर विवादित बयान को लेकर हुआ विवाद तो कंगना रनौत ने मांगी माफी

**नई दिल्ली**
किसानों पर विवादित बयान को लेकर हुआ विवाद तो कंगना रनौत ने मांगी माफी, 'अगर किसी को...'

एक्ट्रेस और हिमाचल की मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने किसानों को लेकर विवादित बयान पर अपनी पार्टी से माफी मांग ली है. उन्होंने कहा मेरी वजह से जाने-अनजाने में अगर पार्टी को कोई नुकसान होता है तो मुझसे ज्यादा दुख किसी को नहीं होगा.

कंगना रनौत को बीजेपी ने बयानों को



लेकर पिछले दिनों फटकार लगाई थी, इसके बाद उन्होंने इस मुद्दे पर पहली बार बात की और माफी मांगी. उन्होंने कहा, "पार्टी (बीजेपी) की राजनीति में मैं छोटे लेवल पर हूं, पार्टी नेतृत्व बड़ा है, जिसकी हम कल्पना नहीं कर सकते हैं. हम छोटे लेवल पर सोच नहीं पाते हैं कि क्या होगा. अवश्य ही राष्ट्र रहना चाहिए. मैंने अगर किसी तरह से किसी को हर्ट किया है तो हमें खेद है."

साथ ही कंगना रनौत ने कहा, "हमें जिस तरह से धमकियां दी जा रही हैं, ये क्रिमिनल का काम है. मुझे नहीं लगता कि ये किसान हैं. ये लोग मुझे दबाना चाहते हैं."

कंगना ने क्या कहा था?

बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने पिछले दिनों ह्यदैनिक भास्करह्ण को दिए इंटरव्यू में कहा था कि अगर देश में मजबूत नेतृत्व नहीं होता, तो भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा हो सकती थी. किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान शव लटक रहे थे और रेप हो रहे थे.

इसी बयान के बाद कांग्रेस, आप, आरजेडी, सपा, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी समेत अन्य दलों ने बीजेपी को घेरा. वहीं बीजेपी ने इसके बाद कंगना रनौत को फटकार लगाई. बीजेपी ने कहा, ह्यह्यबीजेपी सांसद कंगना रनौत द्वारा किसान आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में दिया गया बयान, पार्टी का मत नहीं है।

### प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी




**नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने आज जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर हर्ष व्यक्त किया है।

मोदी ने नमो ऐप पर वित्तीय समावेश कार्यक्रम पर एक क्विज की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कियाः "नमो ऐप पर जन धन योजना पर एक रोचक क्विज मौजूद है।

## भाजपा ने कांग्रेस और राहुल गांधी को दी चुनौती, कुमारी शैलजा सैलजा को बनाएं सीएम फेस

**हरियाणा**
**हरियाणा** बीजेपी ने एक्स पर हिंदी में पोस्ट किया कि भाजपा पहले ही पिछड़े वर्ग से एक मुख्यमंत्री को नामांकित कर चुकी है। राहुल गांधी एससी समुदाय का पुरजोर समर्थन करने का दावा करते हैं।

सत्तारूढ़ भाजपा की हरियाणा इकाई ने बुधवार को कांग्रेस को राज्य विधानसभा चुनावों के लिए कुमारी शैलजा को अपना मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने की चुनौती दी, ताकि यह साबित हो सके कि वह एससी




समुदाय की भलाई के लिए कितनी प्रतिबद्ध है। राज्य भाजपा ने यह भी कहा कि वे नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री नामित करते हैं, जो ओबीसी वर्ग से हैं। सैनी 1 अक्टूबर को होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के मुख्यमंत्री पद के चेहरे भी हैं।

### भारत का जवाब सुन चीन के उड़ जाएंगे होश!

## पाकिस्तान से पीएम मोदी को आया बुलावा

**नई दिल्ली**
**भारत** और पाकिस्तान के बीच संबंधों में शत्रुता और सीमित सहयोग का दौर रहा है। हाल के महीनों में कश्मीर में बढ़ती आतंकवादी घुसपैठ के कारण ये तनाव और बढ़ गया है, जिसका कारण भारत चरमपंथी समूहों के लिए पाकिस्तान के निरंतर समर्थन को मानता है।

पाकिस्तान की राजनीति में अक्सर ऐसे कदम उठाए जाते हैं जो न केवल हास्यपद होते हैं बल्कि उनकी बेबसी को भी दशार्ते हैं। इस बार पाकिस्तान ने शंघाई सहयोग



संगठन यानी एससीओ की आगामी बैठक के लिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किए जाने की बात कही है। ये आमंत्रण ऐसे समय पर सामने आया जब भारत और पाकिस्तान के संबंध बेहद तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। हालिया मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान में आगामी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे, भारत सरकार ने दृढ़ता से इनकार कर दिया है। 15-16 अक्टूबर, 2024 को होने वाली सरकार के प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की बैठक के लिए पाकिस्तान द्वारा पीएम मोदी और अन्य नेताओं को दिए गए निमंत्रण के बाद यह अटकलें सामने आईं। विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए यह आयोजन महत्वपूर्ण है।

## पटना के पुनपुन में बड़ा हादसाः सत्संग सुनने आए 250 लोगों पर गिरी मकान की दीवार

**पटनाः पटना** के पुनपुन में एक पुराने मकान की दीवार गिरने से 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह हादसा श्रीपालपुर गांव में हुआ, जहां लोग एक सत्संग के लिए इकट्ठा हुए थे। हालांकि पुलिस 30 लोगों के घायल होने की बात बता रही है। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण मकान की दीवार गिर गई, जिससे यह हादसा हुआ। घायलों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। सभी घायलों को निकट के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना की



सूचना मिलते ही पुलिसमौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। 20-25 लोगों की हालत गंभीर मिली जानकारी के मुताबिक, हादसा उस समय हुआ जब लोग श्रीपालपुर में कॉलेज के पूर्व प्राचार्य रामदयालु सिंह के पुश्तैनी मकान में सत्संग कर रहे थे।

## मालवण में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति बनाने में हुआ भ्रष्टाचारः राउत

**मुंबई। महाराष्ट्र** के मालवण में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने की घटना को लेकर शिवसेना नेता संजय राउत ने भाजपा पर फिर तीखा हमला किया।

उन्होंने दावा किया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति बनाने में घोटाला हुआ है और यह पैसा चुनाव के लिए मनी लॉन्डरिंग के जरिए जमा किया गया। राउत ने आरोप लगाया कि 4000 करोड़ रुपये की बड़ी धनराशि चुनावी खर्च के लिए जमा की गई थी, जिसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के पुतले के निर्माण में भी राशि लगाई गई। इस 4000 करोड़ रुपए की धनराशि में से सिर्फ 100 करोड़ रुपए छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति लगाने में खर्च किए गए। उन्होंने इस तरह के भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।



बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में राउत ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार ने राज्य में हालात को बिगाड़ दिया है और इस मुद्दे पर तुरंत चर्चा की आवश्यकता है। राउत ने कहा कि आगामी दिनों में माननीय शरद पवार, नाना पटोले और उद्धव ठाकरे के साथ मातोश्री (उद्धव ठाकरे का मूल निवास) पर बैठक करेंगे और इस पर आगे की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जब शिवसेना ने बंद का ऐलान किया था तो भाजपा सरकार ने इसे रोकने के लिए हस्तक्षेप किया, जबकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार के तहत ऐसी किसी रोक-टोक की कार्रवाई नहीं की गई। राउत ने आरोप लगाया कि भाजपा विरोधी राज्यों में पुलिस और सरकारी मशीनरी पर हमले हो रहे हैं, लेकिन महाराष्ट्र में अगर शिवसेना कुछ करती है तो कोर्ट एक्शन लेता है।

राउत ने भाजपा और मोदी-शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश के लोगों के लिए न्याय व्यवस्था में दोहरे मानदंड अपनाए जा रहे हैं। राउत ने आरोप लगाया कि ईडी भाजपा की एजेंसी बन गई है, निर्दोष लोगों को परेशान कर रही है और भ्रष्टाचार की जांच में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

### विपक्ष पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वार

## समाजवादी पार्टी के अंदर घुस गई है जिन्ना की आत्मा

**अलीगढ**
**अलीगढ़** में एक रोजगार मेले के दौरान एक सार्वजनिक बैठक में बोलते हुए, आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार समान विकास, बिना किसी भेदभाव के आवास, रोजगार और बिजली की पेशकश के लिए प्रतिबद्ध है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पिछली सरकारों पर तुष्टीकरण नीतियों और जाति और क्षेत्र के आधार पर सामाजिक विभाजन के माध्यम से देश के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। अलीगढ़ में एक रोजगार मेले के दौरान एक सार्वजनिक बैठक में बोलते हुए, आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार समान विकास, बिना किसी भेदभाव के आवास, रोजगार और बिजली की पेशकश के लिए प्रतिबद्ध है।

योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि कांग्रेस हो, समाजवादी पार्टी हो या बहुजन समाज पार्टी...इन लोगों ने सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी, इनके अंदर 'जिन्ना' की आत्मा घुस गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश को 'दंगा प्रदेश' बना दिया था। आज उत्तर प्रदेश रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट था, आज वह देश का अग्रणी प्रदेश बन चुका है।



उन्होंने कहा कि रोजगार सभी को, भेदभाव किसी के साथ नहीं...हमने 6.5 लाख नौजवानों को प्रदेश के अंदर नौकरी दी और 2 करोड़ से अधिक नौजवानों को रोजगार दिया है। उन्होंने दावा किया कि विकास में कोई क्षेत्र पिछड़ नहीं पाएगा, विकास द्वार-द्वार तक पहुंचेगा। देश के विकास में बाधक तत्वों को आगे नहीं बढ़ने देना है। उन्होंने पार्टी के मंत्र 'सबका साथ सबका विश्वास' को दोहराया और अराजकता के खिलाफ चेतावनी दी। ऋण वितरण और युवाओं को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज कोई भी विकास देख सकता है और यह सरकार मकान, नौकरियां और बिजली हर किसी को बिना भेदभाव के उपलब्ध करा रही है। ह्यसबका साथ, सबका विकास के नारे को दोहराते हुए उन्होंने कहा, हम किसी के साथ भेदभाव नहीं करेंगे, लेकिन किसी को अराजकता और अव्यवस्था भी नहीं फैलाने देंगे।

## 'बाबा की झूठी तारीफ पर 8 लाख, विरोध पर मिलेगी जेल', असदुद्दीन ओवैसी का सीएम योगी पर निशाना

**यूपी**
असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया. उन्होंने लिखा, 'अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए योगी आदित्यनाथ ने एक नई स्कीम चलाई है. स्कीम के तहत सोशल मीडिया पर बाबा की झूठी तारीफ करने से कोई 8 लाख रुपये तक कमा सकते हैं. अगर आपने बाबा या उनकी पार्टी का कानूनी विरोध भी किया तो आपको राष्ट्र विरोधी घोषित कर जेल भेजा जाएगा. आपके टैक्स के पैसों से अब IT Cell वालों का घर चलेगा.'

किस पॉलिसी पर साधा निशाना?



अपने इस पोस्ट के साथ ही एआईएमआईएम (AIMIM) चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने सीएम योगी आदित्यनाथ को भी टैग किया. बता दें कि यूपी सरकार सोशल मीडिया के जरिए पैसा कमाने वालों के लिए नई पॉलिसी लेकर आई है और इसी के मुद्दे पर ओवैसी ने राज्य सरकार को घेरा है।

# उरुवा में चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ समापन, तृतीय बैच का शुभारंभ आज से

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** विकास खण्ड उरुवा के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एफएलएन प्रशिक्षण के द्वितीय बैच के चार दिवसीय प्रशिक्षण का विधिवत समापन हुआ। प्रथम व द्वितीय बैच में सौ सौ शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पचास पचास के दो बैचों में दो कक्षो में कराया गया। शिक्षक संदर्शिका के आधार पर नवाचार और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान में दक्ष बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है और उन्हें क्रियाविधि को अपनाते हुए कक्षा शिक्षण कराकर बच्चों को भाषा और गणित में दक्ष करना है। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों ने कक्षा 1,2 एवं 3 में सत्र 2024-25 में भाषा एवं गणित शिक्षण की न केवल बारीकियों पर अपनी समझ विकसित की बल्कि कक्षा 1 एवं दो में भाषा एवं गणित हेतु विकसित एनसीईआरटी आधारित नवीन पाठ्यपुस्तकों पर भी अपनी समझ विकसित की। इसके साथ प्रतिभागियों ने कक्षा 4 एवं 5 में भाषा एवं गणित शिक्षण हेतु प्रथम संस्था द्वारा विकसित संदर्शिका तथा कक्षा 1 एवं 2 हेतु विकसित अंग्रेजी की पाठ्य पुस्तक मृदंग पर भी अपनी समझ विकसित की। सभी प्रतिभागियों ने पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर यह संकल्प लिया कि वे प्रशिक्षण में सीखी गयी बातों को अपनी कक्षाओं में ले जाने का पूर्ण प्रयास करेंगे ताकि कक्षाओं और उनके परिणाम में अपेक्षित बदलावों के साथ वे अपने विद्यालय और विकास खण्ड को निपुण बनाने में अपना योगदान दे सकें। प्रशिक्षण सन्दर्भदाता सुनील शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों को निपुण शपथ दिलाते हुए इन चार दिवसों में सक्रिय सहभागिता हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया और इस संकल्प के साथ समापन करवाया कि अब कक्षाओं में अपेक्षित बदलाव अनिवार्य रूप से दिखे तभी इस प्रशिक्षण के उद्देश्य की सार्थकता सिद्ध होगी। वहीं प्रशिक्षण सन्दर्भदाता राजेश मिश्रा ने शिक्षकों की समस्याओं एवं कक्षा कक्ष में पढ़ाने के दौरान आने वाली कठिनाइयों का भी कैसे सामना किया जाए इस पर भी शिक्षकों के साथ चर्चा कर उन्हें विस्तृत जानकारी दी। ब्लॉक में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण सन्दर्भदाता के रुप मे ब्लॉक के एआरपी सुनील शुक्ला, राजेश मिश्रा, प्रीतम दास, विमलेश यादव व शिक्षक सन्दर्भदाता बृजेश शुक्ला की उपस्थिति में सभी को बड़े ही सुंदर ढंग से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त अवसर पर गिरीश श्रीवास्तव, विकास पांडेय, स्वाति तिवारी, पूनम दुबे, अजय ओझा, रुक्मिणी पांडेय, अजीत सिंह, ज्योति बाजपेयी, निशा सोनी, स्नेहा साहू, सविता यादव, रामसेवक, मंजू खरे, पूजा पांडेय, अखिलेश कुमार, गिरीश कुमार सिंह व उमाशिव पांडेय आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहें। 29 अगस्त से तीसरे बैच के चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ होगा।

## निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन आज

**मांडा।** ब्लॉक क्षेत्र के बाबू फतेह बहादुर सिंह इंटर कॉलेज बोधीपुर, हाटा में 29 अगस्त गुरुवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के योग्य डॉक्टर क्षेत्रवासियों की आंखों का परीक्षण करेंगे और आवश्यक दवाएं देंगे। वरिष्ठ समाजसेवी एवं कॉलेज प्रधानाचार्य हरिशंकर सिंह ने बताया कि इस शिविर में क्षेत्रवासियों को रियायती दर पर चश्मे भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा, मोतियाबिंद की जांच की जाएगी। मोतियाबिंद के मरीजों को आपरेशन कराने के लिए आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। आपरेशन के लिए क्षेत्रवासियों को निशुल्क चित्रकूट ले जाया जाएगा और आपरेशन के बाद हाटा वापस पहुंचाया जाएगा। इस नेत्र परीक्षण शिविर का उद्देश्य क्षेत्रवासियों की आंखों की सेहत की जांच करना और उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान करना है। यह शिविर क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे वे अपनी आंखों की सेहत की जांच करा सकते हैं और आवश्यक उपचार प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा विस्तृत जांच की जाएगी और आवश्यक उपचार प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, नेत्र स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी भी दी जाएगी। इस शिविर में सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं।

# पात्र आवास लाभार्थियों की सूची ग्राम पंचायतें तैयार रखें : मनोज कुमार सिंह

अखंड भारत संदेश

### नए बीडीओ ने कर्मचारियों की ली बैठक,दिए समुचित निर्देश



**कोरांव।** नवागंतुक बीडीओ कोरांव मनोज कुमार सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों,अभियंताओं,कर्मचारियों को प्रत्येक ग्राम सभाओं में आवास के पात्र लाभार्थियों की तत्काल सूची बना कर अवगत कराएं। श्री सिंह ने ग्राम्य विकास के प्रति सभी सचिवों अफसरों को और ग्राम प्रधानों से अपेक्षा की है कि हर गांव की आवास से वंचित पात्र लाभार्थियों एक रजिस्टर तैयार करें,जिससे आवश्यकता पड़ने पर जल्दी बाजी में कोई वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी गण तनमयता पूर्वक सरकार की मंशानुसार कार्यों का स्मयांतर्गत निस्तारण करें। और विकास कार्यों में लापरवाही न बरतें । और शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण में सहयोग करें। जिससे बार बार शिकायतें न मिलें। बीडीओ ने कहा की कोई भी कर्मचारी मनमानी लापरवाही न बरतें अन्यथा उन्हे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की समय समय पर समीक्षा और देख भाल भी की जायेगी।

# अवैध कब्जे पर चला बुलेडोजर, भारी संख्या में पुलिस तैनात

अखण्ड भारत सन्देश

### सरकारी भूमि से हटाया गया अवैध निर्माण, बुलेडोजर की कार्यवाही से कस्बे में फैली दहसत, वहीं गोशाला का निर्माण प्रस्तावित



**मांडा।** थाना क्षेत्र के भारतगंज कस्बा अम्बेडकर नगर में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटा दिया गया है। तीन आरोपियों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर बाउंड्री वाल का निर्माण किया गया था, जिसे नगर अधिशाषी अधिकारी बंटी कुमारी के नेतृत्व में हटा दिया गया है।वही अवैध अतिक्रमण हटाने में तीन जेसीबी मशीन ने 3घंटा 37मिनट में धराशाई कर दिया। नगर अधिशाषी अधिकारी बंटी कुमारी ने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले आरोपियों को कई बार नोटिस दिया गया था' लेकिन उन्होंने कब्जा नहीं हटाया । वही बुधवार दोपहर बाद ईओ भारतगंज , तहसीलदार मेजा अनुग्रह नारायण सिंह, इंस्पेक्टर मांडा शैलेंद्र सिंह,राजस्व टीम सरकारी भूमि पर अवैध ढंग से किए गए कब्जे व अतिक्रमण को तीन जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर भूमि को खाली कराया ' जिससे अवैध कब्जेदारो में सनसनी फैली हुई हैं। ईओ ने बताया कि यह पहली कार्रवाई है।

**न.पं. अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया, ईओ की सराहना :** ईओ बंटी कुमारी की इस कार्रवाई की चारों ओर तारीफ हो रही है। उनकी सख्ती और निर्णायक कार्रवाई के कारण ही अवैध कब्जा हटाया जा सका। चेयरमैन प्रतिनिधि आमीर शकील टंकी ने भी ईओ की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी कार्रवाई से नगर वासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि ईओ बंटी कुमारी ने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है और अवैध कब्जे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। चेयरमैन प्रतिनिधि आमीर शकील टंकी ने बताया कि गौशाला का निर्माण पूर्ण होने के बाद घुमंतू गोवंश से नगर वासियों को छुटकारा मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि यह गौशाला नगर वासियों के लिए एक वरदान साबित होगी। कार्रवाई को लेकर हड़कम मचा रहा। इस दौरान भारतगंज चौकी प्रभारी विनय सिंह, राजस्व निरीक्षक नूर मोहम्मद,हल्का लेखपाल अशोक पांडेय, अमर नाथ सहित तमाम नगर वासी मौजूद रहे। अरशद सिद्दीकी, जावेद खान, इरशाद अहमद, कलंदर ने चेयरमैन प्रतिनिधि आमीर शकील टंकी की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता के कारण ही यह कार्रवाई संभव हो सकी। उन्होंने नगर वासियों की समस्याओं को समझा और उनका समाधान निकाला।

# पीएम आवास की पात्रता के नियमो में हुआ बड़ा बदलाव





अखण्ड भारत सन्देश

### ग्राम प्रधान व सचिवों के साथ हुई बैठक

**मांडा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की पात्रता सूची के नियमों में बदलाव किया गया है। नई आवास नीति के अनुसार, अब फ्रिज, बाइक और 15 हजार रुपये तक प्रतिमाह कमाने वालों को भी योजना का लाभ मिल सकेगा। अभी तक गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को भी पात्र माना जाता था। इस योजना के तहत मकान बनाने के लिए 1 लाख 20हजार रुपये सरकार देती है। बीडीओ मांडा अमित मिश्र ने कहा कि नए नियमों के अनुसार, किसी के पास तीन या चार पहिया मोटराइज्ड वाहन है तो उस परिवार के सदस्य को पात्र नहीं माना जाएगा। कृषि उपयोग के लिए भी तीन या चार पहिया वाहन रखने वाला परिवार भी योजना का पात्र नहीं होगा। 50 हजार रुपये या इससे अधिक के क्रेडिट कार्ड वाला व्यक्ति भी अपात्र माना जाएगा। इस योजना का उद्देश्य गरीब और वंचित परिवारों को अपना घर बनाने में मदद करना है। नई नीति के अनुसार, अब अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ मिल सकेगा। पांच वर्ष का विस्तार दिया गया है और 2011 के सामाजिक व आर्थिक सर्वे और 2019 के आवास प्लस की सर्वे सूची में नाम होने के बाद भी लाभ पाने से वंचित रह गए लोग भी लाभान्वित किए जाएंगे। सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि 30 अगस्त तक पात्रों का चयन कार्य पूर्ण करा लिया जाए। यह योजना गरीबों के लिए एक वरदान साबित होगी और उन्हें अपना घर बनाने में मदद करेगी।

# मऊआइमा रेलवे क्रासिंग के निकट हड्डी के गोदामों से उठने वाली दुर्गंध से लोगों का राह चलना मुश्किल

**मऊआइमा।** मऊआइमा रेलवे क्रासिंग के निकट बने हड्डी के गोदामों में उठने वाली बदबू से इस बारिश में लोगों का राह चलना मुश्किल हो गया है।जब ट्रेन आने के समय फाटक बंद रहता है तो जाम में फंसकर लोगों को बदबू से कै होने लगती है। मऊआइमा रेलवे क्रासिंग पर दशकों से बसे मध्य प्रदेश के रीवां से आए दलितों की पहले गिनती की संख्या थी अब एक बस्ती आबाद हो गई है। बताया गया है कि उक्त दलितों का अधिकांश पेशा मरे हुए मुर्दा पशुओं की खाल निकालना है। बताया जाता है कि मरे हुए मवेशियों का खाल बेच कर हड्डियों को बने गोदामों एकत्रित कर वाहनों पर लादकर हड्डी मिल में बेचते हैं। बताया गया है कि उक्त दलित बस्ती में ग्राम सुल्तानपुर खास और मऊदोस्तपुर में आता है तथा नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा से सटा हुआ है। मऊआइमा रेलवे क्रासिंग के निकट हड्डी के गोदामों से उठने वाले दुर्गंध से हर कोई परेशान है। बताया गया है कि प्रायः हर समय बदबू आती रहती है परन्तु जब रेलवे फाटक बंद रहता है तो गोदामों से उठने वाले दुर्गंध से जाम में फंसे लोगों को कै होने लगती है। हालांकि दो ग्राम सभाओं में होने के कारण कोई गोदाम हटवा नहीं पा रहा है।

# संगीतमय सुंदर काण्ड पाठ यात्रा का भक्त जनों ने किया भव्य अभिनंदन



**करछना।** धार्मिक व सामाजिक समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से यमुना पार में जन कल्याण हेतु जानकी फाउंडेशन के बैनर तले चल रही संगीतमय सुंदर कांड पाठ यात्रा मंगलवार को मेजा के कोहडार बाजार में पहुंची। जहां पर लोगों की ओर से यात्रा का अभिनंदन किया गया । वहीं सायं कालीन में साधन सहकारी समिति कोहडार की अध्यक्ष कुसुम पांडेय के संयोजकत्व में प्राचीन हनुमान मंदिर पर संगीतज्ञ कलाकार कमला शंकर शुक्ल की टीम की ओर से संगीतमय सुंदर कांड पाठ का 56 वां परायण संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा व भाजपा के वरिष्ठ नेता गंगा प्रसाद मिश्र की ओर से पूजन अर्चन सहित आरती की गई । उन्होंने कहा कि हर एक मंगलवार को सुंदर काण्ड पाठ करने से आत्मविश्वास बढ़ता है । उन्होंने जान की फाउंडेशन के सचिव व हाईकोर्ट के अधिवक्ता पंकज अवध शुक्ल की ओर से शुरू की गई इस मुहिम की सराहना की। कार्यक्रम के संयोजक रहे एडवोकेट अनिल कुमार पांडेय की ओर से सुंदरकांड पाठ यात्रा में शामिल सभी लोगों को अंगवस्तम प्रदान करके व राम दरबार की प्रतिमा भेंट कर-के सभी लोगों का स्वागत व अभिनंदन किया गया । जानकी फाउंडेशन के सचिव व हाईकोर्ट के अधिवक्ता पंकज अवध शुक्ल की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ यात्रा में शिरकत किए सभी लोगों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर विहिप यमुना पार के जिला अध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय, विनीत मिश्र, बाबा पांडेय, आर एन शुक्ल, संतोष जैन ,अनिल शुक्ल, राधा मोहन पांडेय, रमाकांत पांडेय, शिशिन सिंह, विवेक मिश्र, संजय केसरवानी ,अवनीश जैन ,अनुराग शुक्ल, शिवम पांडेय, रमाशंकर मिश्र अनिल तिवारी,,रोहित केसरवानी, आशीष मिश्र, डॉ दिनेश सोनी, अभिषेक, निशांत तिवारी, सिद्धेश, शर्मा, गणेश प्रसाद शुक्ल, शिवाकांत निषाद, अधिवक्ता सुरेश शुक्ल , संजय सोनी ,सुरेश सोनकर , शिवम मिश्र विष्णु पांडेय , आदि लोग मौजूद रहे।

# चेहल्लुम का पर्व कोरांव सहित विभिन्न इलाकों में सम्पन्न

### कोरांव में वर्तमान और पूर्व चैयर मैनों सहित विभिन्न वर्ग के लोग जुलूस में हुए शामिल, सांसद इलाहाबाद मिले ताजियादार कमेटी वालों से



**कोरांव।** कोरांव नगर सहित विभिन्न इलाकों में हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वालेही वसल्लम के नेवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत के चालीसवें दिन होने वाला चेहल्लुम त्योहार बड़े अकीदत के साथ मनाया गया। कोरांव नगर पंचायत में हर साल की तरह इस साल भी बुधवार को यह तोहार दर्जनों ताजिया के साथ मनाया गया। सुंदर ताजिया बेहतर कलाकारी नक्शे में निर्मित अकीदत मंद लोगों ने दूर दूर से महिलाएं पुरुष बच्चे युवक हिंदू मुस्लिम सभी वर्ग के लोग अपनी अपनी मान्यता मुरादों के मुताबिक फूल फातेहा और लंगर किया। या हसन या हुसैन के मातमी नारों से और नारे तकबीर अल्लाहु अकबर के नारों में लोग मशरूफ रहे। उक्त मौके पर भाजपा के नेता ओम प्रकाश केसरी और पूर्व चेयर मैन नरसिंह केसरी उर्फ गोपालजी,और पूर्व चेयरमैन रमेश चंद्र सोनी सहित तमाम हिंदू मुस्लिम भाजपा नेता कार्यकर्ता विभिन्न राजनैतिक दल के लोग हिंदू मुस्लिम एकता कमेटी के लोग चेहल्लुम पर्व के अनुयाइयों भक्तों की होंसला आफजाई किया। इसी बीच सांसद इलाहाबाद कुंवर उज्ज्वल रमन सिंह विभिन्न ग्राम सभाओं में फौत हुए आमजनों के यहां शोक सभा में शामिल होने के बाद नगर पंचायत कोरांव में सपा नगर अध्यक्ष महताब खान के नेतृत्व में ताजियादारों और कमेटी के सदस्यों तथा उक्त पर्व पर शामिल इंडिया गठबंधन के लोगों से मिले और हालचाल लिया। लोगों की समस्याएं सुनीं। सांसद के साथ विनय कुशवाहा प्रतिनिधि,सोमदत्त सिंह, पयासी, राजू चौबे, लल्लन सिंह, राजेश पांडेय, अनीता शुक्ला, शहादत अली, सफात अली,रविंद्र जैसल आदि साथ रहे। डाकटर शमीम के यहां भी गए। एसएचओ कोरांव सहित तमाम पुलिस बल प्रशासनिक अधिकारी, एलआईयू पुलिस तथा शांती कमेटी के लोग शांति व्यवस्था में मसगुल दिखे।

## न्यूज झरोखा

### वारी बरियांवा संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त



**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र की अधिकांश ग्रामीण सड़कें विधायक, सांसद एवं अन्य जन प्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण बुरे हाल में हैं। बारिश में सड़कों की स्थिति बद से बदत्तर हो गई है सड़क के गड्ढों में पानी भर जाने के कारण आवागमन बाधित हो गया है। आवागमन करने वाले राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है लोग गिरकर चुटहिल हो रहें हैं।वारी से बरियांवा जाने वाली सड़क विगत कई वर्षों से मरम्मत के अभाव में जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच गई है। गांव के लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों से सड़क मरम्मत की गुहार लगाई लेकिन सबने अनसुना कर दिया जिसके कारण आम नागरिकों में जन आक्रोश व्याप्त है क्योंकि आम जनमानस की आवाज को अनसुना कर दिया जा रहा है।

### पौधारोपण लगाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य : सुशील शुक्ला



**नैनी।** नैनी मानस रामलीला समिति के संरक्षक सुशील शुक्ला ने वृक्ष लगाते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने अपने घरों के सामने एक वृक्ष मां के नाम लगाये एवं अपने बच्चों की तरह पालन पोषण करके बड़ा होने तक इसकी सेवा करें। फलदार वृक्ष हमारे जीवन को सफल बना सकते हैं क्योंकि वृक्ष हमें शुद्ध हवा प्रदान करती है। कार्बन डाइऑक्साइड जैसी जहरीले गैस को अपने अंदर समाहित करके शुद्ध हवा प्रदान करती है जो जीवन के लिए एक सरल उपाय है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज संजय श्रीवास्तव मानस समिति बजरंग के अध्यक्ष मनोज साहू त्रिभुवन सिंह यादव अर्जुन यादव राकेश यादव शंकर भारतीय महेंद्र कुमार शर्मा रमेश कनौजिया लवकुश मिस्त्री कार्यकताओं के देख रेख में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### भारतगंज न.पं. के नायब मोहर्रिम का आकस्मिक निधन पर शोक



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के भारत गंज नगर पंचायत कार्यालय में विगत वर्षों से नायब मोहर्रिम के पद पर कार्यरत रहे विशाल श्रीवास्तव उम्र (37) की आकस्मिक एवं असामयिक निधन होने की सूचना पर शोक की लहर दौड़ पड़ी ' मंगलवार की रात्रि में नगर पंचायत कार्यालय भारत गंज के नायब मोहर्रिम विशाल श्रीवास्तव का आकस्मिक एवं असामयिक निधन होने से नगर पंचायत कार्यालय कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी ' वही ईओ बंटी कुमारी ने कर्मचारियों के साथ शोक व्यक्त किया और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आमीर भाई शकील टंकी ने उनके आत्मा को ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान एवं परिवार को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### पंडित शिव लखन शुक्ल को परिजनों एवं क्षेत्रवासियों ने दिया श्रद्धांजलि



**जंघई।** पंडित गया प्रसाद शुक्ल के पुत्र एवं पंडित सिद्ध नारायण शुक्ल के भतीजे पंडित शिव लखन शुक्ल के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर परिजनों एवं क्षेत्रवासियों ने पुष्प अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया और श्रद्धांजलि अर्पित किया। पंडित शिव लखन शुक्ल बहुत सीधे, सरल, मिलनसार एवं उदार व्यक्तित्व के इंसान थे उपस्थित लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं दिवंगत पुण्य आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। परिजनों में जवाहर लाल शुक्ल, श्याम लाल शुक्ल, राम लाल शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, संगम शुक्ल, कृष्ण कुमार, प्रकाश, अंकित, अनूप, गंगाधर, उत्कर्ष, अभिषेक, सुजय, ओम, संस्कार, दिव्यांश, देव, माधव आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### पत्रकार की माता के निधन पर शोक दी श्रद्धांजलि



**करछना।** करछना गांव निवासी पत्रकार मुदित प्रताप सिंह की मां कुमुद सिंह 82 का शनिवार शाम को हुए आकस्मिक निधन पर गांव में शोक छाया रहा।रविवार को उनका अंतिम संस्कार मनैया गंगा घाट पर किया गया।कुमुद सिंह के निधन से पत्रकारों में गहरा शोक व्याप्त रहा साधुकुटी में हुई शोकसभा के दौरान लोगों ने कुमुद के मृदुभाषिता,सादगी और मिलन सारिता पूर्ण स्वभाव की सराहना करते हुए उन्हे याद किया।इस दौरान शोक सभा में जुटे पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।इस मौके पर इंद्र प्रताप सिंह,संतोष यादव,मुनेश कुमार मिश्र,अशोक सिंह,योगेश विहारी सिंह,अभय प्रताप सिंह,सुनील कुमार,विकास पांडेय,आजाद सिंह,मंगला प्रसाद,रमेश पटेल, शिवम मिश्र अरविंद यादव, अनुराग यादव, कुंवर सिंह, ननकेस बाबू यादव मनीष शुक्ला, राकेश सिंह,सहित गांव के लोग मौजूद रहे।

### 02 से 15 सितम्बर तक चलाया जायेगा कुष्ठ रोगी खोजी अभियान

**प्रयागराज।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आशु पाण्डेय ने बताया कि जनपद में दिनांक 02.09.2024 से 15.09.2024 तक 14 दिन का कुष्ठ रोगी खोजी अभियान सभी ब्लाकों एवं अर्बन एरिया में चलाया जायेगा। इसके लिए जनपद में 6162 टीमें तथा 1230 सुपरवाइजर लगाये गये है। प्रत्येक टीम में एक महिला एवं एक पुरूष कार्यकर्ता लगाये गए है, जो घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की खोज करेंगे। टीम को अभियान के दौरान यदि कोई रोगी मिलता है, तो निःशुल्क उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथममिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजेंगे।

### स्कूटी सवार युवक को सांड ने मारी टक्कर जख्मी हालत में निजि अस्पताल में भर्ती

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में इन दिनों आवारा पशुओं की बाढ आ गयी है। प्रतापगढ़ से प्रयागराज जा रहे स्कूटी सवार मनी राम शर्मा को मऊआइमा के हाईवे जोगापुर में सांड ने टक्कर मार दी जिससे स्कूटी सवार मनी राम शर्मा बुरी तरह जख़्मी हो गया। पीछे बैठा युवक ने जख्मी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया गया है कि मऊआइमा क्षेत्र में आवारा पशुओं की बाढ आने से हर कोई परेशान है।

# मदरसे में चल रही थी नकली नोट छापने की फैक्टरी

## ● मौलवी समेत चार गिरफ्तार, 1.30 लाख के नकली नोट बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नकली नोट छापकर देश की अर्थव्यवस्था में सेंध लगाने के एक बड़े खेल का भंडाफोड़ बुधवार को शहर में हुआ। अतरसुइया में नकली नोट छपाई करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.3 लाख मूल्य के नकली नोट बरामद किए गए। यह खेल एक मदरसे में खेला जा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों में इसका मौलवी भी शामिल है। चारों देर शाम जेल भेज दिए गए।

एसीपी सिविल लाइंस श्वेताभ पांडेय को सूचना मिली थी कि कुछ लोग नकली नोट की सप्लाई करने सिविल लाइंस पहुंचे हैं। इस पर उनके नेतृत्व में एसआई अभयचंद व अन्य की टीम ने बस अड्डे के पास से दो युवकों को पकड़ा। मो.अफजल व शाहिद नाम के दोनों युवकों के पास से 100-100 के नोटों की दो गड्डियां बरामद हुईं। जांच में पता चला कि बरामद नोट नकली हैं। थाने लाकर पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर टीम ने अतरसुइया के जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम मदरसा में छापा मारा। वहां भारी मात्रा में नकली नोट व इन्हें तैयार करने के उपकरण जैसे लैपटॉप, स्कैनर, प्रिंटर, बिना कटे हुए नोट के छपे हुए 234 पेज आदि बरामद हुए। साथ ही इसे तैयार करने वाले जाहिर खान उर्फ अब्दुल जाहिर व मदरसे को मौलवी मो.तफसीरुल आरिफीन भी गिरफ्तार किया गया।



**15 हजार में 45 हजार मूल्य के नोट :** पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि वह 15 हजार के बदले 45 हजार के नकली नोट देते थे। पिछले तीन महीने से यह काम कर रहे थे। गिरफ्तार अफजल व शाहिद करेली, जबकि जाहिर आजाद बस्ती थाना बाशुदेवपुर जनपद भद्रक राज्य उड़ीसा का रहने वाला है। गिरफ्तार मौलवी तफसीरुल भी उसके ही गांव है जो कई साल से अतरसुइया स्थित मदरसे में रह रहा है। यह भी बताया कि इन्होंने नकली नोट अतरसुइया, कीडगंज, खुल्दाबाद आदि आसपास के क्षेत्रों में चलाए हैं।

**किराये पर लिया था कमरा :** मौलवी ने पूछताछ में बताया कि उसने जाहिर को कमरा किराये पर दिया था। हालांकि, जब जाहिर से पूछताछ हुई तो सच्चाई सामने आ गई। उसने बताया कि मौलवी भी इस काम में शामिल था और नकली नोट से जो कमाई होती थी, उसमें उसका भी हिस्सा होता था। फिलहाल पुलिस ने मदरसे का कमरा सील करा दिया है।

प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि उड़ीसा निवासी जाहिर इस गिरोह का सरगना है, जबकि गिरफ्तार अन्य तीन उसके सहयोगी हैं। फिलहाल, अब तक किसी गैंग से उनका कोई कनेक्शन सामने नहीं आया है। विस्तृत पूछताछ के लिए उन्हें कस्टडी रिमांड पर लिया जाएगा।
**- दीपक भूकर, डीसीपी नगर**

### हंडिया में बेखौफ बदमाशों ने तमंचे के बल पर की लाखों की लूट

**हंडिया।** हडिया थाना अंतर्गत पूरेगोबई में बाइक सवार लुटेरों ने बैंक से पैसा निकाल कर जा रहे युवक को तमंचे की नोक पर लाखों की लूट कर फरार हो गए। घटना के बाद युवक सूचना पुलिस को दी जहां पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि हंडिया थाना अंतर्गत पूरेगोबई गांव के पहलवान वीर के पास लगभगा शाम 4:00 बजे राजित राम निवासी पुरेमथुरादास बैंक ऑफ बड़ौदा बरौत से 120000 नगद निकालकर बैग में रखकर पंकज नगर अपने बीसी सेंटर पर जा रहा था। वह जैसे ही बाइक से पहलवान वीर के पास पहुंचा ही था पीछे से एक बाइक पर तीन लुटेरे नकाब पहने पहुंच कर युवक के कनपटी पर तमंचा सटा दिया। जब तक युवक कुछ समझ पाता लुटेरे ने बैग में रखा रुपया छीन कर फरार हो गए। डरा युवक इसकी सूचना पुलिस को दिया। वहीं सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटी हुई है। जहां पास के सीसीटीवी में लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे बाइक सवार लुटेरे कैद भी हो गए। जहां भुक्तभोगी राजित राम ने बताया कि पंकज नगर चौराहे पर बैंक ऑफ बड़ौदा का बीसी सेंटर मनोज दुबे चलते हैं। सेंटर का पैसा मैं बैंक से पैसे लेने आया था और वहीं से लौट रहे थे। बहरहाल पुलिस घटना की पूरी गंभीरता से छानबीन में जुटी हुई है।

## न्यूज झरोखा

### श्री रामजानकी मन्दिर में जन्मे कान्हा, साज सज्जा से आकर्षण का केंद्र बना रहा मन्दिर परिसर



**नैनी।** नैनी श्री राम जानकी मंदिर परिसर में मंगलवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव। परिसर के सभी सदस्यो ने इस उत्सव मे बढ़ चढ़कर भाग लिया, कृष्ण झाँकी प्रस्तुत की गई तथा परिसर सदस्यो ने कृष्ण भजनो पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, कई तरह की प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें क्लब सदस्यो ने भाग लिया और इनाम जीते। उत्सव का आयोजन प्रबंधक त्रिभुवननाथ चौरसिया द्वारा किया गया। जिसमे मुख्य रूप से लखन लाल केसरवानी, संजय राठौर मुन्ना जी, राजेश जायसवाल चच्चू, राजेश चौरसिया, अमित देववंश, गुड्डू, टीनू अग्रवाल, राजू अग्रवाल, सोनू गुप्ता, बिक्की गुप्ता, प्रभु कुशवाहा, शारदा केसरवानी, प्रदीप राठौर, किशन चौरसिया, विकास चौरसिया, आशु कुशवाहा, सोनू जायसवाल, बेटू चौरसिया, डॉ मोनू केसरवानी सहित सभी व्यपारियों के सहयोग से यह उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### 20 साल की उम्र से स्थापित हो रहे हैं बैहराना के राजा



**प्रयागराज।** महाराष्ट्र में रहकर 20 साल के युवक ने गणपति बप्पा के आयोजन से सीख लेते हुए विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश को अपने क्षेत्र में गणेश महोत्सव के रूप माानने का संकल्प लिया। 20 वर्ष पहले प्रयागराज जिले के बैराहना से शुरू हुए बैराहना के राजा आज पूरे प्रयागराज में फेमस हो चुके हैं। इनकी एक झलक पाने के लिए लोग बेताब रहते हैं। गणेश महोत्सव का इंतजार बेसब्री से करते हैं। उक्त संदर्भ में आयोजनकर्ता आशीष पांडे ने बताया कि इस बार 21वां वर्ष हैं। हम सब पूर्व की तरह ही पूरे जोश और खरगोश के साथ महोत्सव का आयोजन करेंगे। और भगवान गणेश जिसे हम सब बहराना के राजा के नाम से जानते हैं उनको स्थापित कर गणेश महोत्सव का आयोजन पूरे आनंद और उत्साह के साथ मनाएंगे। स्थानीय लोग व्यापारी एवं भगवान गणेश को मानने वाले हर शंभू सहयोग करते हैं। एक समय था जब हम अकेले थे लेकिन आज पूरा का पूरा कारवां साथ चल रहा है। और यह सब हुआ है तो सिर्फ विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की वजह से। वह सच में दुख को हरने वाले और मंगल करने वाले हैं।

### आरएएफ कैम्प में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया



**फाफामऊ।** 101 आरएएफ के कैम्प परिसर में मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया इस शुभ अवसर पर मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेन्ट-101 आर.ए.एफ द्वारा श्रीकृष्ण भगवान की पूजा अर्चना एवं आरती विधि-विधान के साथ सम्पन्न किया और जगत के पालनहार भगवान योगेश्वर से प्रार्थना की सभी स्वास्थ्य एवं खुशहाल रहें। जिसमें उपस्थित सभी अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, महिला कार्मिक व जवान एवं उनके परिवारजनों को प्रसाद वितरण किया गया साथ ही कमाण्डेन्ट महोदय ने सभी को "श्रीकृष्ण जन्माष्टमी" की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर पुर्नवसु तिवारी, (द्वि.कमा.अधि.), यज्ञ कुमार सिंह (उप कमाण्डेन्ट), अरूण कुमार मिश्रा (उप कमाण्डेन्ट) तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, महिला कार्मिक व जवान एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहें।

### ग्राम पंचायत अधिकारी संघ सोरांव इकाई का चुनाव संपन्न

**...संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद संग अध्यक्ष पद पर अंकित मौर्य के नाम की लगी मोहर**



**सोरांव।** स्थानीय ब्लॉक सभागार सोरांव में बुधवार को खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल की उपस्थिति में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ ब्लॉक सोरांव के नई कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अंकित मौर्य ने कार्यकारणी में रिक्त पदों की जानकारी संघ के सामने रखी। तथा सभी सदस्यों के सहमति से रिक्त पदों को भरा गया। जिसमे संघ महामंत्री के पद पर मुकेश मौर्य का प्रस्ताव मीडिया प्रभारी मोहम्मद साकिब द्वारा किया गया। तथा संघ कोषाध्यक्ष पद पर नितेश कुमार पाल का प्रस्ताव कौशल द्वारा किया गया। वहीं संघ उपाध्यक्ष पद पर कौशल कुमार का प्रस्ताव सुशील कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। जिसका उपस्थित सभी लोगों ने एक मत से स्वागत करते हुए अपनी सहमती व्यक्त किए। इस प्रकार से ग्राम पंचायत अधिकारी सोरांव इकाई के नई कार्यकारणी में सचिवों को संघ ने पदो की जिम्मेदारी दी गई। जिसमे संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद यादव वर्तमान इंचार्ज सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), अध्यक्ष पद पर अंकित मौर्य, उपाध्यक्ष पद पर कौशल कुमार, महामंत्री पद पर मुकेश कुमार मौर्य,कोषाध्यक्ष पद पर नितेश कुमार पाल, ऑडिटर पद पर ऋचा सिंह, मीडिया प्रभारी पद पर मोहम्मद साकिब संग सचिव पद पर सुशील कुमार द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई। वहीं संघ के संरक्षक सुरेंद्र कुमार यादव ने संघ के सभी पदाधिकारियों को कहा कि संघे शक्ति सर्वदा का भाव सभी में होना चाहिए। इस मौके पर सचिव सुनीता सिंह, सचिव यशवंत यादव, मिथलेश मिश्र,रंजना दुबे संग अन्य लोग रहे।

## हज-2025 हेतु 09 सितम्बर तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

**प्रयागराज।** हज-2025 के फार्म आवेदन करने की तिथि 13 अगस्त, 2024 से प्रारम्भ कर दी गई है, जो दिनांक 09 सितम्बर, 2024 तक जारी रहेगा। सचिव/कार्यपालक अधिकारी के गाइडलाइन के अनुसार आवेदन की निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट जारी होना व उसकी वैद्यतां 15 जनवरी, 2026 तक होना आवश्यक है। आवेदन करते समय कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं करना होगा। केवल चयनित आवेदकों को प्रोसेसिंग शुल्क रू0 300.00 जमा करना होगा। इस बार एक कवर में एक परिवार के अधिकतम पाँच एवं न्यूनतम एक वयस्क व दो इंफेण्ट आवेदन कर सकेंगें। 65+ ग्रुप के कवर में केवल चार व्यस्क आवेदन कर सकते हैं, जिनमें दो 65 प्लस व दो सहयोगी के रूप में आवेदन कर सकते हैं। बिना महरम श्रेणी की महिलाएं जिनकी आयु आवेदन के समय 45 वर्ष से 65 वर्ष तक हो वह महिलाएं अकेले अथवा अधिकतम पाँच महिलाओं के ग्रुप में आवेदन कर सकती है। जो महिलाएं 65 प्लश होगी वह अकेले आवेदन नहीं कर सकेंगी उनके साथ 45 से 60 वर्ष तक की महिला सहयोगी के रूप में जाना आवश्यक है। अदाही (कुबार्नी) हेतु जो आवेदक इच्छुक होंगे वह उसका विकल्प चुनेंगे अथवा स्वयं कुबार्नी कराएंगे, परन्तु एक बार चयन करने के उपरान्त इसमें कोई परिवर्तन सम्भव न होगा। सभी चयनित हज यात्रियों को कुर्रा अथवा चयन के एक सप्ताह के भीतर हज आवेदन फार्म की डाउनलोडेड प्रति, अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट के प्रथम व अन्तिम पृष्ठ की स्वहस्ताक्षरित फोटोप्रति व पासपोर्ट घोषणा पत्र जिसका प्रोफार्मा संलग्न है, मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, घोषणा पत्र एवं अण्डरटेकिंग व अग्रिम धनराशि की पे-इन-स्लिप उ0प्र0 राज्य हज समिति में डाक अथवा दस्ती जमा करना होगा। 65 प्लश हज यात्री के साथ एक सहयोगी जिसकी आयु 65 वर्ष से कम मान्य होगी परन्तु सहयोगी के रूप में केवल पति/पत्नी, लड़का/लड़की व भाइ/बहन पात्र होंगे। वेबसाइट https://hajcommitee.gov.in, hajcommitee.up.gov.in पर आवश्यक जानकारी अपडेट रहेगी। हज-2025 हेतु ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in व मोबाइल एप हज सुविधा पर दिनांक 13 अगस्त, 2024 से प्रारम्भ कर दी गई है। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 09 सितम्बर, 2024 निर्धारित की गयी है।

### ट्रेन के चपेट में आने से किशोरी की मौत, घर में कोहराम

**मांडा।** चराकर बकरी के साथ लौट रही किशोरी भाग रही बकरी पकड़ने के चक्कर में ट्रेन के चपेट में आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन प्रयागराज भेजा। थाना क्षेत्र के दिघिया म गांव निवासिनी सुशीला (12) मंगलवार शाम बकरी चराकर साथ में लौट रही थी। दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया गांव के सामने भागती बकरी को पकड़ने के चक्कर में किशोरी ट्रेन के चपेट में आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। किशोरी चार भाइयों में सबसे छोटी थी। मौत की जानकारी पर घर वालों को रो-रोकर बुरा हाल है।

## लगातार हो रही बारिश के बाद बढ़ने लगा गंगा-यमुना का जलस्तर



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के बाद गंगा और यमुना का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। इससे तटवर्ती इलाकों में खलबली मच गई है। जलस्तर घटना के बाद दुकानदारों ने फिर से घाट के आसपास अपना डेरा डंडा लगाना शुरू कर दिया था। माना जा रहा था कि अब जलस्तर लगातार कम ही होगा, लेकिन मंगलवार की रात से जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि अभी कोई चिंताजनक जैसी स्थिति नहीं है। प्रयागराज में खतरे का निशान 84.734 मीटर है। बुधवार को दोपहर 12 बजे तक फाफामऊ में 79.63 मीटर जलस्तर है। इसमें दो सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। इसी तरह छतनाग में 79.49 मीटर है। यहां पर 16 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। इसी तरह यमुना का जलस्तर नैनी में 80.28 सेंटीमीटर है। इसमें चार घंटे के भीतर 26 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि गंगा अभी श्री बड़े हनुमानजी मंदिर से काफी दूर हैं।

## शहर में बन रहे नाली व इंटरलॉकिंग का नगर आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा आज दिनांक बुधवार को सायं 5:00 बजे नैनी, अरैल स्थित निमार्णाधीन शिवालय पार्क व बॉयो सी0एन0जी0 प्लाण्ट, नुरुल्ला रोड, कसारी मसारी व पोंगहट पुल स्थित शकुन्तला कुंज कालोनी में नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार तथा सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता, अवर अभियन्ता, थर्ड पार्टी के सदस्य व सम्बन्धित ठेकेदार उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा सर्वप्रथम अरैल स्थित निमार्णाधीन शिवालय पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा निमार्णाधीन पार्क का कार्य ससमय पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया, तत्पश्चात बॉयों सी0एन0जी0 प्लाण्ट के सिविल वर्क का निरीक्षण किया। जोन-1 स्थित नुरुल्ला रोड पर रोड पटरी (इण्टरलॉकिंग) के कार्य का निरीक्षण किया, जिसे समय से कराये जाने का निर्देश दिया गया। कसारी-कसारी में आंतरिक गली के निर्माण का निरीक्षण किया गया जिसे ससमय कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। पोंगहट पुल स्थित शकुन्तलाकुंज कालोनी में नाली व इण्टरलॉकिंग रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य मानक के अनुरुप नहीं पाया गया। नालियों के गोट में ईटों के बीच में गैपिंग अधिक पायी गयी एवं मटेरियल मानक के अनुरूप नही पाया गया। जिसपर मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित अवर अभियन्ता को कारण बताओं नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिये गये, साथ ही सम्बन्धित ठेकेदार पर अर्थदण्ड आरोपित किये जाने के निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त द्वारा निमार्ण कार्यो पर रोष व्यक्त करते हुए अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव को निर्देशित किया कि जोन 6 ट्रान्सपोर्टनगर, क्षेत्र में सभी जनकार्य विभाग से सम्बन्धित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये।

## सरकार की मंशा की अवहेलना कर रहा नगर निगम प्रशासन

### जिम्मेवारों को जगाने के लिए जनतांत्रिक रास्ता भी अपनाया जा सकता है



**नैनी।** नैनी अवंतिका कालोनी (एडीए) की सडके मरम्मत न होने कारण या तो अपना वजूद खो चुकी है या फिर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण दुर्घटनाओं की ओर इशारा कर रही है। इन्ही में से एक प्रमुख मार्ग डी ब्लॉक मार्केट वाली रोड जो तीन ब्रेकर से लेकर ओम कलेक्सन तक जर्जर हालत में है। जिसमें महेन्द्र जनरल स्टोर से लेकर ओम कलेक्सन तक की सडक अत्यंत दयनीय स्थिति में है। ज्ञात हो कि उक्त सडक की मरम्मत पिछले कई वर्षो से नहीं हुई है। जबकि इस मार्ग पर रोज हजारों लोगों का आवागमन बना रहता है। नगर निगम प्रशासन सिर्फ मुख्य मार्गों को चमकाने में लगा रहता है। दुर्भाग्य पूर्ण यह है कि अवंतिका कालोनी नैनी की समस्याओं पर किसी जनप्रतिनिधि का भी ध्यान नहीं जाता। इन सब को लेकर आमजन मानस में भयंकर आक्रोश है, अगर नगर निगम प्रशासन कालोनी की समस्याओं की अनदेखी करेगा तो यह आक्रोश उग्र भी हो सकता है। अवन्तिका विकास समिति नैनी के पदाधिकारियों की बैठक समिति कार्यालय पर हुई। बैठक मे समिति के मंत्री सुनील साहनी ने अवंतिका कालोनी की प्रमुख रूप से छतिग्रस्त सड़कों के जीर्णोद्धार का मुद्दा उठाया जिस पर सभी ने सहमति होते हुए नगर निगम प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने पर सहमति व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद शुक्ल एवं संचालन महामंत्री सुनील श्रीवास्तव ने किया। समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी ब्लॉक स्तरीय कार्यसमितियों के माध्यम से जीर्ण शीर्ण गलियों एवं सड़कों का सर्वे कर वस्तुस्थिति से स्थानीय प्रशासन के साथ ही शासन को भी अवगत कराया जाय। यदि जिम्मेदारों की नीद नही खुलती तो जनतांत्रिक रास्ता भी अपनाया जा सकता है। आगामी महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए समिति के सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र ने ब्लॉक स्तरीय समिति के संयोजकों एवं अध्यक्षों की बैठक बुलाकर कार्य योजना बनाने की बात कही जिस पर सभी की सहमत रही।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार को कैम्प कार्यालय में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के अन्तर्गत होने वाले वर्ष पर्यन्त कार्यक्रमों से परिषद को अवगत कराये जाने के साथ ही वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत आयोजित होने वाले मेले महोत्सवों की सूची के अनुमोदन पर चर्चा की गयी। स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत लोगो एवं टैग लाइन के लिए प्रतियोगिता आयोजित किए जाने के लिए जनपद के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और नागरिकों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गयी है। प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन करने और विजेताओं की घोषणा करने और विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि को अंतिम रूप देने के लिए एक समिति के गठन किए जाने के लिए कहा गया है। इसके अतिरिक्त प्रचार-प्रसार के लिए वेबसाइट बनाने, इन्फ्लूएंसर द्वारा तैयार किये गये रील्स का प्रस्तुतीकरण व भुगतान, लाक्षागृह हण्डिया का हस्तान्तरण, श्रृंगवेरपुर धाम में रूरल टूरिज्म हेतु प्रचार-प्रसार, जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की लम्बित पत्रावलियों के भुगतान, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना, पर्यटन सांख्यिकी की गणना हेतु नमूना सर्वेक्षण कार्य के द्वितीय चरण, हेरीटेज के लिए प्लान बनाने सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर ए0डी0एम वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह, सदस्य एस0पी0 सिंह बघेल, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह, पाण्डुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर, पर्यटन अधिकारी राजेश कुमार भारतीय सहित सभी सम्बंधिकारीगणों के अलावा सदस्यगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी ने बैंको में लम्बित आवेदन पत्रों एवं निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों को अनिवार्य रूप से निर्धारित समयसीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए है। बैठक में विद्युत विभाग, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद मार्जिन मनी योजना, निवेश मित्र पोर्टल सहित अन्य सम्बंधित विषयों की बिंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंको में लम्बित मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना से सम्बंधित आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से निस्तारित करने तथा स्वीकृत आवेदन पत्रों के ऋण वितरण की कार्यवाही भी शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने के निर्देश एलडीएम को दिए है बैठक में राजीव रतन अग्रवाल-निदेशक मेसर्स आप्टिकल फाइबर केबिल एसेसिरीज प्रा0लि0 को शेड नं0-1 व 2 पर औद्योगिक ईकाई प्रारम्भ किए जाने हेतु पुनः 15 दिन का समय दिया गया है साथ ही साथ श्री राजीव रतन के द्वारा जो नया कार्य प्रारम्भ किया जाना है, उसकी पूरी रिपोर्ट जिला उपायुक्त उद्योग केन्द्र को उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। श्री उपहार जायसवाल निवासी बेली रोड़ न्यू कटरा के द्वारा 100 साल पुरानी हैरीटेज बंगला बाउंड्री से सटे विद्युत विभाग के लटकते तार को हटाने से सम्बंधित प्रकरण में गठित कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद उसपर तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए है। औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज में पांच मूलभूत आवश्यकताओं यथा- सार्वजनिक शौचालय एवं हैण्ड पम्प या प्याऊ, कैफेटेरिया या कम्युनिटी हॉल, कर्मचारी के लिए कैंटीन, एम्बुलेंस एवं फायर की गाड़ी व औद्योगिक क्षेत्र में प्रवेश के तीन द्वार इकाईयों के पते/नक्शा से सम्बंधित प्रकरण पर क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा के द्वारा बताया गया कि इस सम्बंध में डीपीआर बनाया जा रहा है। समिति के द्वारा डीपीआर में उद्यमियों को भी शामिल किए जाने के लिए कहा गया है। इसी तरह से मेसर्स जे0के सीमेंट लि0 ग्राम लेदार शंकरगढ़, प्रयागराज की भूमि का नामांतरण करने से सम्बंधित प्रकरण के बारे में बताया गया कि नामांतरण की कार्यवाही चल रही है और एक सप्ताह में नामांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से निस्तारित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि किसी भी दशा में डिफाल्टर की स्थिति न होने पाये। इस अवसर पर नगर मजिस्टेट विनोद कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग, उद्यमीगण सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जमकर हुई बारिश, डाक बंगला, साकेत महाविद्यालय व एसपी आफिस हुआ जलमग्न

## मशीन लगाकर निकाला जा रहा है जलभराव का पानी

**प्रतापगढ़। बीती** रात से दोपहर तक लगातार वर्षा होने से वातावरण तो नम हो गया है लेकिन शहर के वीआईपी क्षेत्र दहिलामऊ में बने डाक बंगला, साकेत महाविद्यालय व पुलिस अधीक्षक कार्यालय जलमग्न हो गया है। इससे लोगों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ी।

आज जिला मुख्यालय पर 55 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई। बता दें कि जिस डाक बंगले में मंत्री, अधिकारी, विधायक आकर रुकते हैं और मीटिंग करते हैं, वर्षा होने से पूरा डाक बंगला इस कदर जलमग्न हो गया है कि वहां रुकना तो दूर, आना-जाना मुश्किल है। वैसे दहिलामऊ क्षेत्र में जलभराव की समस्या सबसे ज्यादा है। इसी क्षेत्र के साकेत महाविद्यालय में भयंकर जलभराव हो गया है। डाक बंगला और साकेत महाविद्यालय में नगर पालिका मशीन लगाकर पानी निकलवा रही है। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने पूछने पर बताया कि निचला स्तर होने पर साकेत



मशीन लगाकर जलभराव का पानी निकालते नगर पालिका कर्मी

महाविद्यालय और डाक बंगला में पानी भरता है। जलभराव तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी हुआ है। एसपी कार्यालय के चारों तरफ भवन बने हुए हैं और बीच का हिस्सा पानी से भरा हुआ है। अधिकारी तो चार पहिया गाड़ी से कार्यालय तो आ गए लेकिन आम जनता को यहां आने में बहुत दिक्कत हुई। वैसे पुलिस विभाग यहां के जलभराव को कम करने के लिये अपने स्तर से मशीन लगाकर पानी निकाल रहा है। कल रात से आज तक हुई भयंकर बारिश से स्टेशन रोड, एमडीपीजी कालेज के सामने, तिलक इंटर कालेज का मैदान जलमग्न हो गये थे। शहर में अन्य स्थानों पर भी जगह-जगह जलभराव होने से नागरिकों को दिक्कत झेलना पड़ा।

## उड़ैयाडीह पृथ्वीगंज मार्ग बरसात होते ही तालाब में तब्दील

**पट्टी, प्रतापगढ़। उड़ैयाडीह** बाजार से पृथ्वीगंज को जाने वाले मुख्य मार्ग पर हल्की सी बारिश ने जल जमाव होने से जहां पर आवागमन में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही पर साप्ताहिक बाजार के दिन दुकान लगाने पर दुकानदारों और बाजार वासियों को कीचड़ पानी से भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।। बार-बार शिकायत के बाद भी जल निकासी की समुचित व्यवस्था न कराए जाने से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। पट्टी तहसील क्षेत्र के उड़ैयाडीह बाजार से पृथ्वीगंज होते हुए जौनपुर को जाने वाली मुख्य सड़क पर उड़ैयाडीह बाजार के पास जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से बरसात होते ही सड़क पर जलजमाव हो गया है। जिससे जहां पर राहगीरों स्कूली बच्चों बाजार वासियों दुकानदारों को आने-जाने में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## हाई वोल्टेज तार टूट कर जमीन पर गिरा, हो सकता है हादसा

**पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी** तहसील क्षेत्र के बीबीपुर पेट्रोल पंप के पास लगे ट्रांसफार्मर के बगल हाई वोल्टेज तार टूट कर गिर गया जिससे पानी की सप्लाई बंद हो गई है। वहीं सैकड़ो घरों में अंधेरा छाया हुआ है। और इतना ही नहीं मोटर पंप से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों में भी पानी भरा जाता है। ग्रामीणों के सूचना के बाद भी विद्युत कर्मी मौके पर पहुंचना मुनासिब नहीं समझे। जिससे लोगों में विद्युत कर्मियों के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। बता दे कि बीबीपुर मोहल्ले के रहने वाले अवधेश सिंह,रामचंद्र, हरिकेश, जमाल, पप्पू, संतोष वर्मा, रमेश, आदि लोगों ने तार टूटने की सूचना विद्युत कर्मियों को दी। लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते 15 दिन से ऐसे ही तार टूट कर जमीन पर पड़ा है जो कि विभागीय लापरवाही के चलते भारी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। और किसी भी समय बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है। इतना ही नहीं तार टूटने से जहां पानी की सप्लाई बंद हो गई है वहीं सैकड़ो घरों में अंधेरा भी छाया हुआ है। ग्रामीणों ने लापरवाह विद्युत कर्मियों के खिलाफ संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र इनके खिलाफ कार्रवाई की जाने की मांग की है।

## मनरेगा योजना की होगी जमीनी जांच: लोकपाल

**कुण्डा, प्रतापगढ़। मनरेगा** योजना गांव के विकास के किये सशक्त माध्यम लेकिन योजना को पारदर्शी बनाने की जरूरत है। अधिक कार्य कराने वाली पंचायतो के श्रमिकों का कराया जायेगा। उक्त बातें कुंडा पंहुचे प्रतापगढ़ के लोकपाल मनरेगा लोकपाल समाज शेखर ने मीडिया से कही। कुंडा ब्लाक मे कई प्रधानों, ब्लाक प्रमुख संतोष सिंह, इंचार्ज बीडीओ और डीसी मनरेगा से भी मुलाकात किया। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए लोकपाल ने कहा कि मनरेगा योजना को अंजाम तक पहुंचाना ही शासन का उद्देश्य है लेकिन कतिपय पंचायत मे इस योजना मे सेंध लगाने की सूचना मिली है जिनकी जमीनी जाँच करवाई जाएगी। कार्य के हिसाब से यदि



अधिक श्रमिकों को कागज पर दिखाने की गड़बड़ी पर रोक लगाने की आवश्यकता है, इस सम्बन्ध मे एपिओ से टॉप 20 ग्राम पंचायतो का डाटा तलब किया जायेगा ताकि सच्चाई जानी जाए कि क्या वास्तव मे उतने श्रमिक काम कर रहे है या सिर्फ कागज पर योजना को फलिभूत किया जा रहा है।

## विवाहिता के उत्पीड़न को लेकर दी गई तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली** क्षेत्र के पूरे छत्तू रामपुर बावली में विवाहिता के उत्पीडन को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ बुधवार को पुलिस को तहरीर दी गयी है। कुण्डा कोतवाली के बरई निवासी रामजीत की पुत्री पूजा पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका विवाह इसी साल बीस मई को लालगंज थाने के पूरे छत्तू रामपुर बावली में रामलखन के पुत्र जयेन्द्र प्रताप के साथ हुआ। दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन पीड़िता को शादी के बाद प्रताड़ित करने लगे। बीती उन्तीस जुलाई को पति जयेन्द्र तथा सास मालती देवी, ननद मंजू एवं ननदोई पवन ने दस लाख रुपए दहेज की मांग को लेकर उसे मारापीटा और घर से निकाल दिया। शिकायत करने पर पति के मौसेरे भाई भी पीड़िता को गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी गयी है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेसियों ने मनाई सतीश शुक्ल की पुण्यतिथि

**प्रतापगढ़। युवा** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व0 सतीश शुक्ल की पुण्यतिथि आज मनाई गई। इस अवसर पर जनपद में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर कांग्रेस जनों ने अपने नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर वृद्धा आश्रम में आवासरत 75 वृद्धजनों को जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में भोजन कराया व उनकी जरूरत की सामग्री भेंट की।

इस अवसर पर डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि स्व0 सतीश शुक्ला संगठन के प्रति पूरी तरह समर्पित थे, उनके विचारों से हम सब को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक



डॉ0 नीरज शुक्ला ने कहा कि स्व0 सतीश शुक्ल संगठन के प्रति बहुत ही समर्पित व्यक्तित्व थे। हम सभी उनको याद कर उनके रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं। ज्ञात हो कि स्व0 सतीश शुक्ला की हत्या 28 अगस्त 2005 को उनके घर के समीप ही कर दी गयी थी। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0 सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, मोनू पांडेय, आशीष श्रीवास्तव, अंकुर शुक्ला, संतोष पांडेय, गोलू तिवारी, लवकुश शुक्ल, मुन्ना शुक्ल, फतेह बहादुर सिंह, सुधीर तिवारी, सुरेश दुबे सहित अनेक लोग शामिल रहे।

## जुझारू व स्वाभिमानी देशभक्त थे चंद्र दत्त

### चंद्रदत्त सेनानी की मनी 40वीं पुण्यतिथि

**प्रतापगढ़। जिले** के प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे स्व. चंद्रदत्त सेनानी की 40वीं पुण्यतिथि बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय श्री चंद्र दत्त सेनानी स्मारक न्यास द्वारा दिल्ली, लखनऊ व प्रतापगढ़ में उनको याद किया गया। प्रतापगढ़ में सर्वप्रथम पल्टन बाजार स्थित कैंप कार्यालय पर सुबह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर चंद्र दत्त सेनानी के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन करते हुए माल्यार्पण किया गया और



पुष्पांजलि अर्पित की गई। चंद्र दत्त सेनानी के जीवन वृत्त पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। कहा कि चंद्र सेनानी अत्यंत जुझारू स्वाभिमानी देशभक्त थे। उन्होंने बचपन से ही स्वतंत्रता आंदोलन में भागीदारी शुरू कर दी थी। राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ में छात्र के रूप में ही उन्होंने यूनियन जैक को उतारकर तिरंगा फहरा दिया था। न केवल वह, बल्कि उनके भाई भी उनके साथ इस आंदोलन में भागीदार थे। उन्होंने जीवनभर देश भक्ति, त्याग, ईमानदारी और स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में समाज को दिशा दी। श्रद्धांजलि सभा के के बाद राजा प्रताप बहादुर महिला एवं पुरुष के सभी वार्डों में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। श्रद्धांजलि सभा एवं फल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चंद्र दत्त के पौत्र व उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता प्रथमेश मिश्र सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत नंदन ओझा, हड्डी सर्जन डा. सचिन, पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा सुशील गौतम राजेश तिवारी, अरविंद शुक्ल, सुरेश शुक्ल, संतोष पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर रीना प्रसाद व डा. शैलेंद्र कुशवाहा, सुरेश त्रिपाठी, न्यास के प्रवक्ता अवधेश मणि त्रिपाठी, मुनीर अली, सुभाष कुमार, राम लखन, बसंत लाल राव, हरद्वारी लाल गौतम, राकेश गौतम आदि शामिल रहे।

## शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित कराएं: डीएम

### जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की डीएम ने सुनी समस्याएं

**प्रतापगढ़। जिलाधिकारी** संजीव रंजन ने कलेक्टेज्ट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों



को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता लाल बहादुर सिंह निवासी संग्रामपुर किला ने शिकायत किया कि प्रार्थी का मकान आबादी में लगभग 100 वर्ष पूर्वजों के जमाने से बना हुआ है जिसमें प्रार्थी परिवार सहित निवास करता है, मेरे चचेरे भाई अवनीश सिंह, सतीश सिंह, नरेन्द्र सिंह, अनिल सिंह व प्रियेश सिंह द्वारा मकान/भूमि को अवैध रूप से क्षतिग्रस्त किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर व एसएचओ अन्तू को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर उचित कार्यवाही करें। इसी प्रकार जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अन्य प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण यथाशीघ्र किया जाए।

## बारिश से ढहे मकान, विधायक मोना ने प्रभावितों को पहुंचवायी त्वरित मदद

**लालगंज, प्रतापगढ़। तेज** बारिश को लेकर लालगंज क्षेत्र में दो मकान ढह गये। इससे पीडितो को गृहस्थी के सामान नष्ट होने के साथ काफी क्षति हुई है। बारिश से मकानों के ढहने की सूचना क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना को ग्रामीणों ने फोनिक दी। विधायक मोना के द्वारा प्रभावित परिवारों की त्वरित सहायता के लिए सराहनीय पहल सामने आयी है। लालगंज कोतवाली के मेढ़ावां गांव में बारिश के चलते मंगलवार की रात सुरजीत का मकान ढह गया। वहीं बगल के शितलू पाल पुत्र हिरई का भी छप्परनुमा मकान गिर गया। सुरजीत की पत्नी सीमा तथा शितलू ने बताया कि अचानक बारिश के कारण मकान ढह जाने से उन्हें भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्ञानप्रकाश वर्मा ने इसकी जानकारी विधायक आराधना मिश्रा मोना को दी। विधायक मोना ने सूचना मिलते ही प्रभावित परिवारों को त्वरित मदद भी पहुंचवायी। आराधना मिश्रा के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केडी मिश्र कार्यकताओं के साथ प्रभावितों से मिले। उन्होनें राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना की ओर से सीमा वर्मा व शितलू पाल को त्वरित आर्थिक सहायता एवं गृहस्थी के जरूरी सामानों का किट सौंपा।

इस मौके पर मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, सालिक तिवारी, संदीप शुक्ला आदि रहे। इधर जानकारी मिलने पर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिये।

## जनपद स्तरीय कला उत्सव में छात्र एवं छात्राओं ने बिखेरा

### जीजीआईसी में कला उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम हुआ संपन्न



**प्रतापगढ़। जनपदीय** कला उत्सव का कार्यक्रम राजकीय बालिका इंटर कालेज में संपन्न हुआ। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने उक्त कला उत्सव में प्रतिभाग किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने कहा कि कला उत्सव मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली की एक पहल है, जिसका उद्देश्य देश में माध्यमिक स्तर पर कक्षा 9 से 12 तक के सभी बोर्ड के विद्यार्थियों में कलात्मक प्रतिभा को पोषित करना एवं प्रदर्शित करके शिक्षा में कला को बढ़ावा देना है।

कला उत्सव के जनपदी नोडल अधिकारी एवं उप प्रधानाचार्य डॉक्टर मोहम्मद अनीस में बताया कि स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 2015 से प्रारंभ की गई एक नई पहल है। जनपद स्तरीय कला उत्सव के मुख्य संरक्षक ओमकार राणा, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा माध्यमिक जनपद प्रतापगढ़ है। जनपद के बाद मंडल, मंडल के बाद राज्य, और राज्य के बाद राष्ट्रीय स्तर पर कला उत्सव का आयोजन होगा। इसमें 12 विधाओं पर छात्र-छात्राओं को अपनी प्रस्तुति देनी है। प्रत्येक विद्यालय से एक छात्र और एक छात्रा इन सभी विधाओं में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रत्येक विधाओं में एक छात्र और एक छात्रा प्रथम स्थान पर चयनित किए जाएंगे। जो कि मंडल स्तर की कला उत्सव में सितंबर महीने में प्रतिभाग करेंगे। 12 विधाएं हैं। जनपद के विजेता प्रतिभागी मंडल स्तरीय कला उत्सव में सितंबर 2024 में अपने गाइड शिक्षक के साथ प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि रहे आर0पी0 सरोज, सहजिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़, विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज रामपुर कांपा रहे।

कार्यक्रम के आयोजक गीता प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, रंजन प्रताप, समन्वयक समग्र शिक्षा माध्यमिक रहे। निर्णायक मंडल में रहे डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न, नीरू श्रीवास्तव, विजय कुमार शर्मा, सबीहा अब्बास नकवी, एस0 बी0 सिंह, मिथिलेश सिंह आदि रहे। इस अवसर पर डॉ0 कल्पना, सविता सिंह पूनम सिंह, प्रतिमा मिश्रा एवं अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा आदि उपस्थित रहे।

## पड़ोसी आए दिन विवाहिता से कर रहा छेड़छाड़, दी तहरीर

**पट्टी, प्रतापगढ़। कोतवाली** क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पड़ोस के कुछ व्यक्तियों द्वारा उसे तरह-तरह से हैरान-परेशान करने के साथ ही छेड़छाड़ व अश्लील हरकत आए दिन की जा रही है। पीड़ित विवाहिता ने पुलिस को तीन लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए आरोपित किया है कि बुधवार की सुबह पांच बजे वह अपने घर पर थी तभी पड़ोसी अपने दो अन्य सहयोगी के साथ पहुंचा और अश्लील हरकत करते हुए दुराचार का प्रयास किया। विवाहिता ने विरोध करते हुए शोर-शराबा किया जिसपर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

विवाहिता का आरोप है कि उक्त लोग किसी भी समय उसके साथ दुष्कर्म व जान से मार देने जैसी घटना को कारित सकते हैं। पीड़ित विवाहिता ने तीन लोगों के विरुद्ध नामजद शिकायती पत्र पुलिस को दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# सवारी लेकर जा रहा कंटेनर ट्रक के पीछे घुसा दर्जनों घायल

अखंड भारत संदेश

## ● पांच सवारी की हालत गंभीर इलाज के लिए जिला अस्पताल में किए गए भर्ती



**कोखराज कौशांबी।** सवारियों को लेकर के जा रहा कंटेनर कोखराज थाना क्षेत्र के कड़ा गांव के पास आगे जा रही ट्रक के में पीछे से घुस गया है जिससे कंटेनर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और कंटेनर में बैठे घायल हो गई है मौके पर चेक पुकार मच गई है मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है वहीं अन्य कई लोग इस हादसे में घायल हुए हैं जो अन्ना अस्पताल में इलाज करने चले गए हैं हादसे के बाद सड़क पर यातायात बाधित हो गया है मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर किनारे करवाया है तब जाकर यातायात सुचारू हो सका है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के हाइबे ककोढा के पास बुधवार सुबह ट्रक के पीछे तेज रफ्तार कन्टेनर घुस गया कंटेनर में दर्जनों सांवरिया सवार थी जो घायल हो गई है इस हादसे में अरविंद कुमार उम्र 25 वर्ष पुत्र साहूकार सिंह निवासी कानपुर वा राहुल कुमार उम्र 20 वर्ष पुत्र गम्भीर सिंह कानपुर देहात वा विवेक कुमार उम्र 35 वर्ष पुत्र राजेश कुमार निवासी उन्नाव वा अजय कुमार उम्र 20 वर्ष वा आनंद कुमार उम्र 24 वर्ष सहित कई लोग गंभीर घायल है गंभीर घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर में भर्ती कराया गया है हादसे में कई अन्य सवारियां भी घायल हुई हैं जिनका अन्य अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

### बिना परमिट कंटेनर ले जा रहा था सवारी

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा के पास दुर्घटना ग्रस्त हुए कन्टेनर चालक का बिना परमिट के सवारी ले जाने के मामले पर एक बार फिर यातायात व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं आखिर कंटेनर के पास सवारी ले जाने का परमिट नहीं था फिर भी वह दर्जनों सांवरिया लेकर जा रहा था और कोखराज थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें पांच लोगों को गंभीर चोटें आई है अन्य लोग भी घायल हैं वाहनों के संचालन में उनके नियंत्रण के लिए बनाई गई सरकारी व्यवस्थाएं पूरी तरह से पंगु हो गई है परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की लापरवाही के चलते पूरी यातायात व्यवस्था वेपटरी हो गई है जिससे दुर्घटनाएं बढ़ी हैं।

## सड़क हादसे मे घायल कांवरिया की इलाज के दौरान मौत



**महगाव कौशाम्बी।** चरवा से बनारस बाबा विश्वनाथ को जल चढ़ाने गए ब्यक्ति को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी है जिससे वह घायल हो गया कई दिनों तक इलाज के बाद घायल की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक थाना चरवा नगर पंचायत चरवा के वार्ड नंबर 7 मदन मोहन नगर बहादुर पुर गांव के रहने वाले मुन्ना पटेल पुत्र स्व. श्याम लाल पटेल दिनांक 29 जुलाई को मुन्ना पटेल तमाम कावडियो के साथ घर से कावड़ लेकर बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने वाराणसी जा रहे थे जैसे ही दिनांक 30 जुलाई को समय करीब शाम चार बजे साधु कुटिया के पुल के पास पहुंचा था की दो पहिया बुलेट मोटर साइकिल नम्बर यूपी 65 ईडी 9622 के चालक ने मुन्ना पटेल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे मुन्ना पटेल बुरी तरह से घायल हो गया और टक्कर इतनी जोरदार थी की मुन्ना का पैर टूट गया और पूरे शरीर पर गंभीर चोट आई खून से लथपथ गम्भीर अवस्था में मुन्ना के साले राम मिलन ने वही बीएचयू के ट्रामा सेन्टर के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया जहा पर मुन्ना का कई दिनों तक इलाज चला किंतु कोई फायदा नहीं हो सका बाद में वही पर मुन्ना की मौत हो गई।

## न्यूज झरोखा

### विद्यालयों को मिशन मोड में बनाएं निपुण : डॉ.प्रज्ञा सिंह




**कौशाम्बी।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों की मूरतगंज ब्लॉक के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक बुधवार बीआरसी मूरतगंज को संपन्न हुई ।बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षाधिकारी प्रज्ञा सिंह ने प्रधानाध्यापकों से निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत निपुण आकलन, क्रियान्वयन में बेहतर संबंध, नवीन नामांकन, विभिन्न आनलाइन प्लेटफार्म, सतत अनुसरण, इंस्पायर अवार्ड आवेदन, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा आवेदन, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आवेदन आदि विषयों की समीक्षा की। उन्होंने बच्चों को निपुण बनाने के लिए मिशन मोड पर कार्य करने हेतु प्रधानाध्यापकों को प्रेरित किया। एआरपी अवनीश मिश्रा ने कहा कि विद्यालयों में रेमेडियल कक्षाओं का संचालन फार्मेटिव एसेसमेंट, समयसारिणी, शिक्षण योजना, अभ्यास एवं गृह कार्य के साथ कक्ष में लगी निपुण तालिका को समय भरने। शिक्षक डायरी, प्रिंट रिच सामग्री आदि को बेहतर करने के लिए कहा।मोवाइल पर रीड एलांग एप, वाट्सएप ग्रुप में प्रेरणा साथी के माध्यम से ई पाठशाला एवं क्विज कराए जाने का सुझाव भी दिया। बैठक में आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर की सभी सुविधाओं को पूरा किए जाने, दिव्यांग बच्चों का विवरण समर्थ एप पर फीड करने और प्रेरणा पोर्टल पर सभी आनलाइन रजिस्टरों को नियमित भरे जाने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) अवनीश मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार पाठक,कौशलेश तिवारी, रामरतन सिंह, ब्रजेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### ईसीएचएस पालीक्लिनिक की जिले में है जरूरत : पूर्व सैनिक

5000 पूर्व सैनिक और उनके आश्रित परिवार को इलाज के लिए जाना पड़ता है प्रयागराज



**कौशांबी।** जिला में उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था के जनपद अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बुधवार को पदाधिकारियों के साथ पूर्व सैनिकों के लिए ईसीएचएस पालीक्लिनिक न होने का मुद्दा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अमित सिंह के समक्ष लिखित रूप से उठाते हुए कहा कि जनपद में लगभग 5000 पूर्व सैनिक और उनके आश्रित परिवार रहते है उन्हें इलाज के लिए प्रयागराज जाना पड़ता है जो सैनिक सिराथू की तरफ के रहने वाले है उन्हे लगभग 80 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है बीमार वृद्ध सैनिक इतनी दूर कैसे यात्रा करता है वही जानता है यह पर एक ईसीएचएस पालीक्लिनिक की जरूरत है संबंधित अधिकारियों को इस पर ध्यान देना चाहिए ताकि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को इलाज के लिए दर दर न भटकना न पड़े कर्नल अमित सिंह ने संस्था के इस प्रयास का स्वागत किया और अश्वासन दिया कि ईसीएचएस पालीक्लिनिक का एक काउंटर मंझनपुर में खुलवाने के लिए मैं पूरा प्रयास करूंगा जिससे सीनियर सिटीजन की श्रेणी में आने वाले पूर्व सैनिकों को इतनी लम्बी दूरी तय करने की जरूरत न पड़े यही पर पूर्व सैनिक एवम उनके आश्रित रहने वाले लोगो का सही समय से इलाज करके उनकी बीमारी को ठीक करके पूर्व सैनिकों की समस्या को हल किया जा सके इस दौरान उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह तोमर प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव कुमार चौरसिया सदस्य मनोज कुमार चौरसिया सदस्य उद्धव श्याम केसरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

### कीचड़ भरे रास्ते से ग्रामीण निकालने को है मजबूर



**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील के अंतर्गत ब्लॉक कड़ा के हिसामपुर परसाखी के मजरा तड़ाहड़ पर राजकरन के घर से गिरधारी के घर तक सड़क नहीं बनी है ग्राम पंचायत में लाखों खर्च करके नाली का निर्माण कर दिया है लेकिन नाली की सफाई नहीं होती है जिससे नाली में कीचड़ और गंदगी भरी है और नाले का पानी सड़क पर बहने लगा है जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है नाली की सफाई न करने वाले सफाई कर्मी की उपस्थिति दर्ज करके उसे वेतन दिया जा रहा है सफाई कर्मी का वेतन रोक दिया जाए तो गांव की साफ सफाई होना शुरू हो जाएगा लेकिन पंचायत सचिव ग्राम प्रधान सफाई कर्मी पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं जिससे गांव की जनता परेशान होती है

### भटकते हुए मंझनपुर कोतवाली पहुँची एक वृद्ध महिला



**कौशाम्बी** मंझनपुर कोतवाली में भटकते हुए एक वृद्ध महिला पहुंच गई है जिसकी शिनाख्त नहीं हो रही है महिला लाल रंग की साड़ी पहने हुए हैं उम्र लगभग 70 वर्ष अनुमान लगाया जाता है यह महिला केवल अपना नाम मुनी देवी बता रही हैं,पता नही बता पा रही हैं। मंझनपुर कोतवाल ने महिला की जानकारी देते हुए कहा है कि कहीं पर कोई मिसिंग प्रकरण हो तो तत्काल थाना मंझनपुर कोतवाल के मोबाइल नम्बर 9454403763 पर संपर्क करें। फोटो देखकर जिस सज्जन को महिला के बारे में जानकारी मिले वह मंझनपुर कोतवाली पुलिस को सूचना दे

### बाबा ने तो पिछले 20 सालों में लूट लिया पूरी तहसील अभी नहीं छोड़ा पीछा

अकूत संपत्ति का मालिक बाबा तहसीलदार की अदालत का मालिक बनकर कर रहा सौदेबाजी

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील का एक चर्चित कमी बाबा बीते 20 वर्षो से तहसील के अभिलेख में हेरा फेरी कर शिकायती पत्रों को जांच करने के नाम पर फरियादियों की समस्याओं को समाधान करने के नाम पर लूट में मशगूल रहा है यह कर्मी सरकार की ड्यूटी से सेवा मुक्त हो चुका है लेकिन उसके बाद भी तहसील को लूटने में इसने कमी नहीं छोड़ी है अब यह कर्मी तहसीलदार की अदालत में सौदेबाजी का काम कर रहा है मुकदमा जिताने और हराने का ठेका लेने के नाम पर यह लाखों की रकम वसूल रहा है 20 वर्षो से तहसील को लूटने वाला यह बाबा अकूत संपत्ति का मालिक बन चुका है लेकिन उसके बाद अधिकारियों ने इसके अकूत संपत्ति की जांच करा कर इस पर मुकदमा नहीं दर्ज कराया है जिससे यह बाबा बेखौफ है और पूरे दिन अभी भी तहसीलदार की अदालत का मालिक बनकर वसूली करते देखा सुना जाता है बाबा के गतिविधियों पर अधिकारियों ने भी रोक नहीं लगाई है आखिर बाबा से इन अधिकारियों को क्या लालच है जिससे बाबा सौदेबाजी कर रहा है और अधिकारी उसके कार्यो में हस्तक्षेप नहीं कर पाते हैं तहसील पहुंचे फरियादियों ने अधिकारियो का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सेवा मुक्त हो चुके बाबा को तहसील से बाहर करने की फरियाद की है।

## दलित परिवार की दो बालिकाएं फरार

**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में एक गांव के एक दलित परिवार की दो बालिकाएं अपने परिवार की प्रताड़ना से प्रताड़ित होकर के घर छोड़कर फरार हो गयी हैं बताया जाता है एक बालिका क्षेत्र के इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा है वह 25 अगस्त को तिलगोड़ी गांव के एक युवक के साथ घर से फरार हुई है इस युवक का बालिका के घर पहले से आना जाना था जिससे बालिका और युवक दोनों संपर्क में आ गए थे और घर वालों ने जब उनको मनमानी करने की छूट नहीं दी तो दोनों फरार हो गए हैं बताया जाता है कि इसी परिवार की दूसरी बालिका भी रक्षाबंधन के चार दिन पहले घर से फरार हो गई है दोनों बालिकाओं का कहीं सुराग नहीं लगा है मामले की सूचना बालिका के पिता ने थाना पुलिस को दी है घर से भगाने के पूर्व बालिका ने पिता के बिरुद्ध पुलिस थाने में तहरीर दे कर परिजनों पर कार्यवाही की मांग की थी बताया जाता है कि जिस घर की दो बालिकाएं परिवार की प्रताड़ना से घर छोड़कर फरार हुई है उनके घर में पिता पुत्र दोनों बलात्कार के आरोप में जेल जा चुके हैं रेप का मुकदमा लिखाने वाली बालिका की छोटी बहन को इसी घर का दूसरा युवक भगाकर बाहर ले गया था युवक काफी दिनों तक इस बालिका के साथ फरार था बाद में रेप पीड़िता बालिका की बहन से युवक ने शादी भी कर ली है घर से फरार दोनों बालिकाओं का कहीं सुराग नहीं लग सका है पुलिस दोनों बालिकाओं की खोजबीन में लगी है

### दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए 31 अगस्त तक करें आवेदन

**कौशाम्बी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 03 दिसम्बर विश्व दिव्यांग दिवसह्ह्ह के अवसर पर दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वतः रोजगाररत दिव्यांग व्यक्तियों, उनके सेवायोजकों एवं दिव्यांगजन के प्लेसमेण्ट अधिकारियों एवं स्वैच्छिक संगठनों इत्यादि को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जायेगा। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने देते हुए बताया कि दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कर रहें दिव्यांग कर्मचारी/स्वतः रोजगार एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा राज्यस्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने के लिए दिनांक 31 अगस्त, 2024 तक कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कक्ष संख्या-28, विकास भवन-मंझनपुर में उपलब्ध करा सकतें हैं।

### पुलिस चौकी के आमने-सामने बिकता है गाँजा

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी दीवर के अंतर्गत दीवर गांव में पुलिस चौकी के आमने-सामने तीन स्थानों पर गाँजा बिकता है एक चर्चित गाँजा माफिया की पत्नी गाँजा बेचती है और एक पूर्व प्रधान भी गाँजा बेचते हैं यह पूर्व प्रधान ट्रक लूट के मामले में भी आरोपी रह चुके हैं इसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी दीवर गांव में गांजा बेच रहा हैं इन तीनों व्यक्तियों का चौकी पुलिस के पास लगातार उठना बैठना है चौकी पुलिस के हर मामले में गांजा विक्रेताओं की दखल होती है लेकिन उसके बाद चौकी इंचार्ज ईमानदारी की दुहाई देते हैं संगठित अपराध ना रोक पाने वाले पुलिस कर्मियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने का निर्देश पुलिस महानिदेशक ने दिया था लेकिन दीवर पुलिस चौकी के सामने लगातार गाँजा बिकने की के बाद भी पुलिस चौकी इंचार्ज और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं हुई है बताया जाता है कि दीवर गांव का एक गाँजा माफिया जिले के साथ गैर जनपदों तक गाँजा के धंधे में इसकी पकड़ थी पूर्व में गांजा माफिया के घरों से कई कई कुंटल गांजा बरामद हुआ था लेकिन इतना सब कुछ होने के बाद भी ना तो गाँजा के धंधे में लगे लोगों पर चौकी इंचार्ज कार्यवाही कर रहे हैं और ना ही चौकी इंचार्ज पर पुलिस अधिकारी कार्रवाई कर रहे हैं जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़ा होना लाजमी है।

## दवा लेकर लौट रहे व्यक्ति की खेत में मिली रक्तरंजित लाश

### ● मुंह में गम्भीर चोट के निशान मौके पर पड़ा था खून, बालिका को भगाने में नामजद छोटू के परिवार का है मृतक व्यक्ति



**कौशाम्बी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के भेलखा गांव का एक व्यक्ति दवा लेने प्रयागराज गया था जहां से वह 26 अगस्त की शाम वापस लौट रहा था लेकिन वह घर नहीं पहुंचा है जिस पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो मालूम चला कि मंझनपुर के दुर्गा मंदिर के पीछे खेत में उसकी रक्त रंजित लाश पड़ी है जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दिया पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिवार के लोगों ने गांव के लोगो पर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक तक शिकायती पत्र दिया है। जानकारी के मुताबिक भेलखा गांव के एक ब्यक्ति की पुत्री 16 अगस्त को अचानक लापता हो गई बालिका के परिजनों ने गांव के छोटू पाल पुत्र दूनी पाल पर बालिका को भगा ले जाने का आरोप लगाया पुलिस ने इस मामले का मुकदमा दर्ज कर लिया है इस बात को लेकर बालिका के परिवार और छोटू पाल के परिवार के बीच विवाद शुरू हो गया लड़ाई झगड़े की स्थिति बनी एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी गयी इसी बीच छोटू पाल के परिवार का संजय पाल प्रयागराज दवाई लेने गया था लेकिन दवाई लेकर वह वापस घर नहीं लौटा 26 अगस्त की रात को मंझनपुर के दुर्गा मंदिर के पीछे खेत में रक्त रंजित संजय पाल की लाश मिली है संजय पाल के भाई सीताराम पाल ने गायब बालिका के पिता और पारिवारिक जनों पर हत्या करके लाश को ठिकाने लगाने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया है मामला बेहद गंभीर है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुस्तकों को किसी वर्ग या संकाय में विभाजित नहीं किया जा सकता : प्राचार्य

### ● भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन



**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में 28 अगस्त को लोक भारती प्रकाशन की तरफ से पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया इसके उपरांत महाविद्यालय में डिजिटल युग में मुद्रित पुस्तकों की उपयोगिता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। महामाया राजकीय महाविद्यालय मंझनपुर से पधारे डॉ० अजय कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इस डिजिटल युग में पुस्तकों की उपयोगिता के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक रूप से विचार करते हुए कहा की पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी मित्र हैं ,हमें ज्ञान का संचित कोष पुस्तकों के रूप में प्राप्त होता है अगर पुस्तक नहीं होती तो यह विश्व ज्ञान के प्रकाश से वंचित रह जाता है । उन्होंने इस डिजिटल युग में मुद्रित पुस्तकों की बात की और उन्होंने कहा की मुद्रित पुस्तक हमें आनंदित करती हैं ,हमें एक अच्छा इंसान बनाती हैं हमारे भविष्य को संवारने के लिए जो आवश्यक बातें होती हैं वे सब हमें पुस्तकों में मिलती हैं। पुस्तक हमें सपनों की दुनिया में ले जाती हैं और यह सपना एक सुंदर जीवन का सपना होता है पुस्तकों का समाज के विकास में नवनिर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें को हम अपनी सुविधा के अनुसार जब चाहे तब पढ़ सकते हैं इसलिए हमें पुस्तकें खरीदनी चाहिए पुस्तकालय से जुड़ना चाहिए ।पुस्तकों के द्वारा अपने जीवन को सुंदर बनाना चाहिए और इस प्रकार पुस्तक समाज देश और पूरी मानवता के लिए अत्यंत उपयोगी है। महाविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर विवेक कुमार त्रिपाठी ने पुस्तकों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि हम भले ही आज गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जी पी चैट के युग में जी रहे हैं। लेकिन अभी भी ज्ञान के संचयन में मुद्रित पुस्तकों की भूमिका अपरिहार्य है।साथ ही साथ उन्होंने साहित्य में मुद्रित पुस्तकों की साहित्यिक प्रासंगिकता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को पुस्तकों से जुड़ने एवं अपने आपको समृद्ध करने की बात कही। उन्होंने कहा की पुस्तकों को किसी वर्ग या संकाय में विभाजित नहीं किया जा सकता। हमें केवल अपनी ही पुस्तक नही पढ़नी चाहिए अपितु पाठ्य पुस्तक के अतिरिक्त भी पुस्तक पढ़नी चाहिए क्योंकि पुस्तक हमारे भविष्य को प्रकाश से भर देती है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सीपी श्रीवास्तव ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर विमलेश कुमार सिंह यादव, प्रोफेसर सतीश चंद्र तिवारी ,डॉ योगेश मिश्रा, डॉ० नीति मिश्रा ,डॉ० श्रद्धा तिवारी, प्रो० श्वेता यादव ,डॉ० मोहम्मद आदिल डॉ ०राहुल राय, डॉ० दीपक ,डॉ०महेंद्र उपाध्याय, डॉ धर्मेंद्र कुमार अग्रहरी ,डॉ० मनीष, डॉ० संजू डॉ दीपक डॉ० पंकज आदि मौजूद रहे।

## बृजेश मेमोरियल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ उपलब्ध

महिलाओ की गम्भीर से गम्भीर बीमारियों की समस्या को दूर करने के लिए प्रत्येक गुरुवार को आपके शहर में रहेगी उपलब्ध

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत बृजेश मेमोरियल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रत्येक गुरुवार को समाय सुबह 11बजे से शाम 5 बजे तक महिलाओ मरीज को देखने के लिए उपलब्ध रहेगी ' उक्त आशय की जानकारी बृजेश मेमोरियल अस्पताल के युवा प्रबंधक अर्चित केसरवानी ने दी है बताना होगा की बृजेश मेमोरियल अस्पताल के मुखिया एवम गरीबों के मसीहा हड्डियों रोग के प्रचंड विद्वान तथा किसी भी तरह की हड्डी से संबंधित ऑपरेशन करने में महारथ हासिल कर चुके चिकित्सक मयंक केशरवानी ने भरवारी सहित जानपद वासियों के लिऐ सभी रोगों से ग्रसित बीमारियों को दूर करने के लिऐ आपने अस्पताल में डे बॉय डे चिकित्सकों को उपलब्ध कर रखा है 'यह स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आर पाठक एम बी बी एस डी जी ओ डी एन बी किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ जो की बाई कार द्वारा आकर महिलाओ की गम्भीर से गम्भीर बीमारियों को दूर करने में सक्षम है 'डॉ आर पाठक गर्मवाती महिलाओ की संपूर्ण जॉच बच्चे दानी का ऑपरेशन में नार्मल ऑपरेशन एवम दर्द रहित डिलेवरी अंडे दानी की जॉच एवम इलाज बांझ पन का इलाज आदि सभी मर्ज का इलाज करती है।

### बाजरा/ ज्वार क्रय के लिए बनाये गये क्रय केन्द्र

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत बाजरा एवं ज्वार क्रय के लिए समय सारणी निर्गत की गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जनपद के कृषकों से सीधे बाजरा एवं ज्वार क्रय के लिए क्रय एजेन्सी एवं ज्वार/बाजरा क्रय केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। क्रय एजेन्सी-खाद्य विभाग द्वारा बाजरा/ज्वार क्रय केन्द्र बनाये गये है। तहसील सिराथू के ब्लॉक-कड़ा में क्रय केन्द्र-अझुवा मण्डी, सिराथू में-शिव सिनेमा सिराथू बनाये गये हैं। तहसील-मंझनपुर के ब्लॉक कौशाम्बी में-विजया चौराहा, मंझनपुर में-ओसा मण्डी, सरसवॉ में-कुम्हियावा एवं तहसील-चायल के नेवादा में-तिलगोड़ी सराय अकिल एवं मूरतगंज में-भरवारी मण्डी बनायी गई हैं। डीएम ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया है कि कृषकों की सुविधा के दृष्टिगत समस्त बाजरा/ ज्वार क्रय केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थायें दिनांक 01 अक्टूबर 2024 से बाजरा/ ज्वार क्रय केन्द्रों को संचालित कराना सुनिश्चित कराया जाय।

## धर्मा देवी इं कालेज में जनपदीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन



**कौशाम्बी।** धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में बुधवार को जनपदीय भारोत्तोलन (बालक/बालिका) प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में नीरज उमराव खण्ड शिक्षाधिकारी कड़ा कौशाम्बी मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया राम सुन्दर सिंह पूर्व प्रधानाचार्य विशिष्ट अतिथि रहें` विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.रामकिरण त्रिपाठी ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया आमंत्रित अतिथियों के रूप में श्याम लाल खेल सचिव,पूर्व सचिव चन्द्र भूषण पाण्डेय,वीरेन्द्र पाण्डेय प्रधानाचार्य,श्री रामहित त्रिपाठी,राम प्रकाश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे,प्रतियोगिता का परिणाम निम्नवत है-

धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी की व-19 बालिका 45 भार वर्ग में इशिता केशरवानी को प्रथम स्थान व-19 बालिका 49 भार वर्ग में रिचा देवी

व-19 बालिका 55 भार वर्ग में लवली पाल प्रथम स्थान व-19 बालिका 59 भार वर्ग में सुलेखा देवी प्रथम स्थान व-19 बालिका 64 भार वर्ग में शकुन को प्रथम स्थान व-17 बालिका 40 भार वर्ग में शिवान्की पाल प्रथम स्थान व-17 बालिका 45 भार वर्ग में रिमझिम यादव प्रथम स्थान व-17 बालिका 49 भार वर्ग में रीना देवी प्रथम स्थान व-17 बालिका 55 भार वर्ग में माही गुप्ता प्रथम स्थान

व-17 बालिका 59 भार वर्ग में लक्ष्मी देवी प्रथम स्थान व-17 बालिका 64 भार वर्ग में रिया प्रथम स्थान व-17 बालिका 71 भार वर्ग में प्रांजल गुप्ता प्रथम स्थान प्राप्त हुआ` इसी प्रकार व-19 बालिका 71 भार वर्ग में अन्नू साहू जय माँ दुर्गे इण्टर कॉलेज को प्रथम स्थान स्थान प्राप्त हुआ` इसी प्रकार बालक वर्ग की हुयी भारोत्तोलन प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार के

व-17 बालक 49 भार वर्ग में शिवम कुमार को प्रथम स्थान

व-17 बालक 61 भार वर्ग में विवेक सिंह को प्रथम स्थान

व-17 बालक 67 भार वर्ग में शाहिल चौधरी को प्रथम स्थान

व-17 बालक 73 भार वर्ग में प्रियांशू सिंह को प्रथम स्थान

व-17 बालक 81 भार वर्ग में सचिन कुमार को प्रथम स्थान

व-17 बालक 89 भार वर्ग में गौरव सिंह को प्रथम स्थान

व-17 बालक 96 भार वर्ग में गौरव सिंह पाल को प्रथम स्थान,

व-17 बालक 55 भार वर्ग मेंआकाश दुर्गा देवी इण्टर कॉलेज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में हुयी व-19 बालक 55 भार वर्ग भारोत्तोलन प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन के अमन कुमार मौर्य को प्रथम स्थान, व-19 बालक 81 भार वर्ग सक्षम मिश्रा को प्रथम स्थान, व-19 बालक 89 भार वर्ग में मो.सदाब को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, व-19 बालक 61 भार वर्ग में हुबलाल इण्टर कॉलेज भरवारी के अतुल कुमार को प्रथम स्थान, व-19 बालक 67 भार वर्ग में चौधरी दिरगज सिंह के शनि कुमार को प्रथम स्थान, व-19 बालक 73 भार वर्ग में चौधरी दिरगज सिंह के राज कुशवाहा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ` स्थान प्राप्त करने वाले समस्त विजेता छात्र/छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया` सभी भार वर्ग में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 23 बालक एवं 20 बालिका मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए करें आवेदन

**कौशाम्बी।** दिव्यांगजनों के सहायतार्थ के लिए शासन द्वारा राज्य निधि से वित्तीय सहायता दिये जाने का निर्णय लिया गया है। दिव्यांगजनों द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं के आयोजन के लिए धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध करायी जायेंगी। दिव्यांगजन जिनकाखेल/ ललित कला/ संगीत/ नृत्य/ फिल्म/ थियेटर/ साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने तथा खेल आयोजन के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना जायेगा, दैनिक जीवन की गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए बैच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण क्रय के लिए वित्तीय सहायता एवं ऐसे दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथा-कैंसर, थैलिसिमियां, प्लास्टिक एनिमियां बहुस्केलोरोसि से ग्रसित हो तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हों को चिकित्सा के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना जायेगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने बताया कि सभी सरकारी/गैर सरकारी संस्थाएं एवं दिव्यांगजन जो इस योजना का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं वे अपने आवेदन जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में करें। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, कक्ष सं0-28 विकास भवन, भू- तल, मंझनपुर में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता हैं।

## सम्पादकीय

### रूस और यूक्रेन के बीच शांति कायम करने में क्या भारत की अहम भूमिका

**विश्व** शांति को फिर खतराअमन और सद्भाव सबसे बड़ी जरूरत भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाल में संपन्न यूक्रेन दौरे के बाद दुनिया भर में इस बात की चर्चा तेज हो गई कि रूस और यूक्रेन के बीच शांति कायम करने में क्या भारत की अहम भूमिका होगी। दरअसल यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदीमीर जेलेंस्की ने दूसरे शांति सम्मेलन की मेजबानी करने का प्रस्ताव भारत के सामने रखा है। हालांकि इस खबर के फौरन बाद एक दूसरी खबर आई कि यूक्रेन ने रूस के सरातोव शहर में एक 38 मंजिला रिहायशी इमारत पर ड्रोन से हमला किया है। इस हमले के वीडियो ने 11 सितंबर को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले की भयावह यादें ताजा कर दीं। गनीमत यह है कि अब तक सरातोव पर हुए हमले में जान-माल के ज्यादा नुकसान की खबर नहीं है। लेकिन जिस तरह से यह हमला हुआ, वह रूस और यूक्रेन के बीच शांति की संभावनाओं को और धूमिल कर रहा है। क्योंकि रूस इस हमले के बाद शायद ही शांत बैठे।

रूस और यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध में पश्चिमी शक्तियों की सक्रिय भागीदारी है। अमेरिका, ब्रिटेन आदि देश खुलकर यूक्रेन का साथ दे रहे हैं। जबकि भारत ने अपने पुराने मित्र रूस को ही यूक्रेन पर तरजीह दी है। 2023 के जी-20 सम्मेलन में यूक्रेन को आमंत्रित नहीं किया गया था, पिछले महीने जुलाई में यूएनजीए में यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमलों को रोकने के लिए वोटिंग से भारत ने दूरी बनाई। 2022 में सुरक्षा परिषद में यूक्रेनी इलाकों पर रूस के कब्जे और जनमत संग्रह के खिलाफ पारित प्रस्ताव से भी भारत दूर ही रहा था। पश्चिमी देशों और यूक्रेन की आपत्तियों के बावजूद रूस से तेल का आयात भारत ने जारी रखा है। ऐसे तमाम उदाहरण यह बताते हैं कि भारत और रूस की मित्रता पहले की तरह बनी हुई है और इस दौरान अगर भारत यूक्रेन के जख्मों पर भी मलहम लगा रहा है, तो इसका अर्थ यही है कि भारत हर हाल में विश्व शांति चाहता है।

यूक्रेन भी शांति की बात करता है, लेकिन कीव की शर्तों पर, वहीं रूस भी किसी कीमत पर पीछे हटने तैयार नहीं है। यूक्रेन ने पहला शांति सम्मेलन स्विट्जरलैंड में किया था, जिसमें करीब 90 देशों ने भागीदारी की थी, लेकिन चीन इससे दूर रहा था। अब दूसरे सम्मेलन के लिए भारत के अलावा तुर्किए, सऊदी अरब, कतर और स्विट्जरलैंड से भी चर्चा चल रही है। शांति सम्मेलन इनमें से किसी भी देश में हो, महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें भारत अब किस तरह की भूमिका निभा सकता है और क्या इससे दो सालों से चल रहे युद्ध पर विराम लगेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यूक्रेन यात्रा में भारत की विदेश नीति के अनुरूप विश्वशांति पर ही जोर दिया है, इससे पहले जुलाई के दूसरे हफ्ते में जब प्रधानमंत्री मोदी रूस गए थे, तब भी वहां उन्होंने यही कहा था कि युद्ध की जगह वाताओं से समाधान निकाले जाने की जरूरत है।

# मुद्रास्फीति पर रिजर्व बैंक की बढ़ती जा रही दुविधा

**- अंजन रॉय**

**जब अ**मेरिकी फेड बोलता है, तो दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकरों को सुनना पड़ता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बाजार गतिशीलता के एक नये चरण में प्रवेश करेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारतीय रिजर्व बैंक अपना एंटीना उठायेगा और भारतीय बाजारों में होने वाले बदलावों पर नजर रखेगा।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने जैक्सन होल, व्योमिंग से स्पष्ट संदेश दिया है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक दर उलट चक्र में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। फेडरल रिजर्व आखिरकार कम नीतिगत दरों की व्यवस्था की शुरूआत करेगा।

वित्तीय बाजारों ने इसे तुरंत उठाया और हाल के दिनों में गिरावट के बाद अमेरिकी शेयर बाजारों में एक बार फिर उछाल आया है। एक बार फेडरल रिजर्व अपनी नीति उलटने की पहल करता है, तो उम्मीद की जा सकती है कि वित्तीय बाजार आगे समायोजन करना शुरू कर देंगे।

जब अमेरिकी फेड बोलता है, तो दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकरों को सुनना पड़ता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बाजार गतिशीलता के एक नये चरण में प्रवेश करेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारतीय रिजर्व बैंक अपना एंटीना उठायेगा और भारतीय बाजारों में होने वाले बदलावों पर नजर रखेगा।

यह उम्मीद भी की जा सकती है कि वैश्विक बाजारों के साथ तालमेल बिठाते हुए भारतीय शेयर भी बढ़ेंगे, जैसा कि व्यापक स्पेक्ट्रम ब्याज दरों में कमी आने पर होता है। आने वाले दिनों में शेयर बाजारों में और उछाल आना चाहिए। इसके साथ ही, बॉन्ड बाजार भी नये स्तरों की तलाश करेंगे। इस उछाल का लाभ उठाने के लिए विदेशी बाजारों से धन प्रवाह की भी उम्मीद की जा सकती है।

इस पृष्ठभूमि में, रिजर्व बैंक को अपने व्यापक नीति उपायों को कैसे फिर से निर्धारित करना चाहिए? जाहिर है, मार्गदर्शक कारक भारत में समग्र मूल्य स्थिरता के साथ-साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास क्षमता और प्रदर्शन होना चाहिए। 6 और 8 अगस्त के बीच रिजर्व बैंक ने अपनी पिछली मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठकों में नीति मापदंडों को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया गया है। समिति की कार्रवाई की नवीनतम रपट के अनुसार, नीति दर को अपरिवर्तित छोड़ दिया गया था, हालांकि समिति के दो सदस्यों ने इस निर्णय के खिलाफ जोरदार तर्क दिया।

आरबीआई के लिए जिन कारकों पर विचार करना वांछनीय हैं, वे हैं मुद्रास्फीति के रुझान और मूल्य प्रवृत्तियों में वृद्धि की संभावना। पिछले कुछ महीनों में कीमतों में नरम रुझान दिखाई दिये हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम मासिक आर्थिक रिपोर्ट में इस सप्ताह काफी आरामदायक तस्वीर दिखाई गई।

कुल मिलाकर, चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों अप्रैल से जुलाई 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति धीमी होकर 4.6प्रतिशत हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 5.3 प्रतिशत थी। विशेष रूप से महीने-दर-महीने जुलाई में कीमतों में तेज गिरावट देखी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-संयुक्तपर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जून 2024 में 5.1 प्रतिशत से घटकर जुलाई 2024 में 3.5 प्रतिशत हो गई, जो सितंबर 2019 के बाद सबसे कम है। वित्त मंत्रालय ने इसका श्रेय खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट को दिया।

खाद्य मुद्रास्फीति जून 2024 में 9.4प्रतिशत से घटकर जुलाई 2024 में 5.4प्रतिशत हो गई। खाद्य मुद्रास्फीति में देखी गई पर्याप्त गिरावट को मुख्य रूप से जून 2024 में 29.3प्रतिशत से जुलाई 2024 में 6.8प्रतिशत तक सब्जी मुद्रास्फीति में गिरावट से मदद मिली। हालांकि, यह देश भर के बाजारों में कीमतों के स्तर, खासकर सब्जियों की कीमतों के बारे में वास्तविक अनुभवों के विपरीत है।




अब सवाल यह है कि क्या कीमतों में यह नरमी क्षणिक है या फिर लंबे समय तक चलने वाले रुझान का संकेत है? अगर यह अचानक मासिक गिरावट अल्पावधि में उलट जाती है, तो आरबीआई को अपने मुद्रास्फीति विरोधी रुख से पीछे नहीं हटना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है और कीमतें निचले स्तरों की ओर बढ़ती हैं, तो आरबीआई के पास अपनी नीतिगत दरों को फिर से निर्धारित करने की गुंजाइश है। अभी तक, यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि आने वाले महीनों में कीमतों का रुझान कैसा रहेगा।

इस तरह के किसी भी आकलन में दो बातें महत्वपूर्ण हैं। पहला, ऐतिहासिक रुझान। आम तौर पर देखा गया है कि खाद्य कीमतें, खास तौर पर दो प्रमुख अनाज और फलों और सब्जियों की कीमतें गर्मियों के महीनों से लेकर मानसून अवधि तक बढ़ती हैं। फिर अक्टूबर से खरीफ की कटाई के बाद के मौसम में इनमें गिरावट आती है।

अनुभव के आधार पर, शायद हम कीमतों में उछाल से उबर चुके हैं और अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को छोड़कर आने वाले महीनों में रुझान और भी सहज होते जायेंगे। दूसरा अनुकूल कारक यह है कि मानसून अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है और पूवार्नुमान है कि इस वर्ष यह सामान्य स्तर पर रहेगा।

इसलिए, इस मौसम में खराब मानसून और खाद्य उत्पादन पर संभावित प्रभाव की आशंकाओं को दरकिनार किया जा सकता है। मूल्य स्थिति, विशेष रूप से, खाद्य मुद्रास्फीति अभी स्थिर रह सकती है।

वित्त मंत्रालय ने इसे इस प्रकार संक्षेप में प्रस्तुत किया: 'मध्यम कोर मुद्रास्फीति और मानसून में सकारात्मक प्रगति के साथ, हेडलाइन मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण सकारात्मक है। सामान्य मानसून को मानते हुए,रिजर्व बैंक द्वारा 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति 4.5प्रतिशत और दूसरी तिमाही में मुद्रास्फीति4.4प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।' दूसरी ओर, वित्त मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट अन्यथा अनुकूल आर्थिक आंकड़ों के बीच प्रतिकूल उपभोक्ता अपेक्षाओं पर ध्यान देती है।

वित्त मंत्रालय ने नोट किया कि 'अनुकूल विकास के बीच, वर्तमान आर्थिक स्थिति, रोजगार, मूल्य स्तर और आय में उपभोक्ता विश्वास में गिरावट आई है, जैसा कि आरबीआई के उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के वर्तमान स्थिति सूचकांक में परिलक्षित होता है।'

पिछले सर्वेक्षण दौर की तुलना में आने वाले वर्ष के लिए आर्थिक स्थितियों के बारे में हाऊसहोल्ड आशावादिता में कमी आई है। इसके अलावा, 'सामान्य आर्थिक स्थिति, रोजगार और कीमतों पर कम आशावाद के कारण उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के भविष्य की उम्मीदों के सूचकांक में भी कमी आई है।' आमतौर पर, आर्थिक मॉडल भविष्य की मुद्रास्फीति के लिए एक मार्गदर्शक संकेतक के रूप में उपभोक्ता की मुद्रास्फीति की उम्मीद को एक बड़ा महत्व देते हैं। एक बार जब मुद्रास्फीति की उम्मीदें स्थिर हो जाती हैं, तो कीमतों का भविष्य इससे प्रभावित होता है।

स्पष्ट विरोधाभास को देखें। उपभोक्ता और बुनियादी आर्थिक इकाइयां भविष्य के बारे में निराशावादी हैं, हालांकि वर्तमान स्थिति का आकलन करना बुरा नहीं है। यह विरोधाभासी मूल्यांकन कैसे हुआ? हो सकता है, लोगों को शासन संरचनाओं में पर्याप्त विश्वास न हो।

यह उन लोगों में विश्वास की कमी है जो ड्राइवर की सीट पर हैं। लेकिन, फिर, नीति निर्माण में रिजर्व बैंक की समस्या पर विचार करें। यह एक 'पहेली' का सामना कर रहा है। यदि आप उदार नीति अपनाते हैं तो आप मुद्रास्फीति की आग को भड़काते हैं, लेकिन यदि आप ऐसा नहीं करते हैं तो आप विकास को पूरी गति से आगे बढ़ाने का अवसर खो देते हैं।

# छत्रपति प्रतिमा का ढहना शासन-तंत्र की भ्रष्टता का प्रमाण

**- ललित गर्ग -**

**मराठा प**हचान और परम्परा के प्रतीक पुरुष, प्रथम हिन्दू नेता छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में की गयी 35 फीट ऊंची प्रतिमा का थरथरा कर गिर जाना राष्ट्रीय शर्म एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार का दुःखद अध्याय है। इस तरह हमारे एक महानायक की महान स्मृतियों से जुड़ी इस प्रतिमा का गिरना एवं ध्वस्त होना सरकार में गहरे पैठ चुके भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं रिश्वतखोरी को उजागर करता है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में जिस तीव्रता से व्याप्त है, उसका यह एक ज्वलंत उदाहरण है, जो सरकार की साख को धुंधला रही है, यह घटना भारतीय नौसेना की साख को भी बट्टा लगा रही है, यह घटना इसलिए भी गंभीर चिंता की बात है कि इससे हमारे सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की कलई खुल गई है। गौर कीजिए, इस प्रतिमा के निर्माण पर करीब 3,600 करोड़ रुपये की लागत आई थी और इसी 4 दिसंबर को नौसेना दिवस पर इसका अनावरण किया गया था।



सिंधु दुर्ग में शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा के गिर जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल आना स्वाभाविक है, इससे लोगों का आहत होना भी उचित हैं। क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के महानायक एवं जन-जन की आस्था के केन्द्र हैं। वे महाराष्ट्र के जीवन का अभिन्न अंग हैं एवं वहां की राजनीति उनके नाम के इर्द-गिर्द घूमती है। महाराष्ट्र ही नहीं सम्पूर्ण देश में शिवाजी महाराज के प्रशंसक हैं। मराठों के अस्तित्व एवं अस्मिता के वे प्राण रहे हैं, मराठों को उन्होंने ने ही लड़ना सिखाया, उनके जीवन को उन्नत बनाया। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के महाराष्ट्र की सभी जातियों को एक भगवा झंडे के नीचे एकत्रित किया और मराठा साम्राज्य की स्थापना की। शिवाजी ने अपने राज्य-शासन में मानवीय नीतियां अपनाई थी जो किसी धर्म पर आधारित नहीं थी। महाराष्ट्र क्योंकि उनकी जन्मस्थली ही नहीं कर्मस्थली भी रहा इसलिए महाराष्ट्र की आबोहवा में वे आज भी जीवंत हैं। ऐसे महानायक की प्रतिमा के गिर जाने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में तूफान खड़ा हो गया है। मूर्ति का निर्माण और डिजाइन नौसेना ने तैयार किया था। कहा तो यही जा रहा है कि 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं के कारण प्रतिमा टूटकर गिर गई।

छत्रपति शिवाजी के महाराष्ट्र और मराठा संस्कृति के ही नहीं, बल्कि भारतीयता के प्रतीक एवं प्रेरणा पुरुष हैं। आम मराठी भावनात्मक रूप से उनसे जुड़ा है। ऐसे में, इस मूर्ति का ढहना राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार एवं भारतीय नौसेना की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती है। चंद महीने बाद ही राज्य में विधानसभा चुनाव होने के कारण यह एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनना निश्चित है। एक मजबूत विपक्षी पार्टी शिव सेना की पूरी राजनीति शिवाजी के शौर्य व आत्म-गौरव से प्रेरित है, एनसीपी शरद पवार, कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने एकनाथ शिंदे सरकार को निशाना बनाना शुरू कर दिया है और आरोप लगाया है कि छत्रपति शिवाजी का स्मारक चुनावों को देखते हुए जल्दबाजी में बनाया गया था और इस काम में गुणवत्ता को पूरी तरह से अनदेखा किया गया। प्रतिमा का ढह जाना छत्रपति शिवाजी का अपमान तो है ही और यह जाहिर है कि इसका काम घटिया गुणवत्ता का था। इसीलिये घटना को शिवाजी के अपमान के रूप में पेश किया जाने लगा है। चुनाव की सरगर्मियों के बीच शिवाजी की प्रतिमा का मुद्दा चर्चा में आ गया है। इस मुद्दे को वोट जुटाने के लिए असरदार हथियार के रूप में जरूर इस्तेमान किया जायेगा। लेकिन मूल प्रश्न है ऐसे भ्रष्टाचार को रोकने की दिशा में कब सार्थक प्रयास होंगे? राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करके दोषियों को कड़ी सजा दिलानी चाहिए, ताकि न सिर्फ विपक्ष के आरोपों की धार को निस्तेज किया जा सके, बल्कि सार्वजनिक निर्माण में किसी किस्म की लापरवाही या उदासीनता बरतने वालों को भी यह संदेश मिल सके कि वे बख्शे नहीं जाएंगे।

यह पहली घटना नहीं है, जिसमें किसी बड़ी निर्माण योजना की कमी इस तरह की भ्रष्ट एवं लापरवाही के रूप में उजागर हुई है। हमारे सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बार-बार तार-तार होती रही है। मई 2023 में उज्जैन के महालोक कोरिडोर में लगी सप्तऋषियों की मूर्तियां भी इसी तरह आंधी-तूफान में धराशायी हो गई थीं। अयोध्या में भी सड़के ध्वस्त हो गयी थी। बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों के ध्वस्त होने की घटनाएं हैरान करने के साथ-साथ चिंतित करने वाली बनी हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 पर छत गिरने की घटना से भी हर कोई हैरान हुआ है। मुंबई में घाटकोपर का होर्डिंग गिरना 14 लोगों की मौत का कारण बना था। कहीं नई बनी सड़कें धंस हो जाती हैं तो कहीं नई सरकारी इमारतों में दरारे पड़ जाती है। इन मूर्तियों, पुलों, सड़कों एवं सार्वजनिक निर्माण के अन्य सरकारी निमार्णों के ध्वस्त होने की घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। आज हमारी व्यवस्था चरमरा गई है, दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलते हैं कि ईमानदारी बहुत पीछे रह जाती है। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। प्रतिमाएं हो या पुल-इनके गिरने से जितने पैसों की बबार्दी होती है, उसकी भरपाई आखिर किससे कराई जाएगी? जाहिर है, इनकी वजहों को समझने के लिए किसी मजबूत, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तंत्र की जरूरत है। निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता से समझौता और राजनीतिक दबाव में जल्द से जल्द कार्य पूरा करने की प्रवृत्ति ने ऐसी दुर्घटनाओं की गति एवं मात्रा बढ़ाई है। इसके लिए समूचे तंत्र को अपनी कार्य-संस्कृति पर भी गौर करने की जरूरत है। शिवाजी की प्रतिमा के तेज हवा में यूं ढह जाने से हमें सबक सीखने की जरूरत है।

सवाल है कि जब सरकार किसी कंपनी को ऐसे राष्ट्रीय महत्व के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपती हैं, उससे पहले क्या गुणवत्ता की कसौटी पर पूरी निर्माण योजना, डिजाइन, प्रक्रिया, सामग्री, समय-सीमा और संपूर्णता को सुनिश्चित किया जाना जरूरी समझा जाता? देश में भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है, विशेषतः राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को अवरूद्ध कर रखा है। यही कारण है कि पुल या दूसरे निर्माण-कार्यों के लिए रखे गए बजट का बड़ा हिस्सा कमीशन-रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। इसका सीधा असर निर्माण की गुणवत्ता पर पड़ता है। निर्माण घटिया होगा तो फिर उसके धराशायी होने की आशंका भी बनी रहती है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रखने की पारदर्शी नीति नियामक केन्द्र बनाने के साथ उस पर अमल भी जरूरी है। विकसित देशों में भी ऐसे हादसे होते हैं, लेकिन अंतर यह है कि भारत में ऐसे हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है।

रणनीति में सभी अपने को चाणक्य बताने का प्रयास करते हैं पर चन्द्रगुप्त किसी के पास नहीं है। घोटालों और भ्रष्टाचार के लिए हल्ला उनके लिए राजनैतिक मुद्दा होता है, कोई नैतिक आग्रह नहीं। कारण अपने गिरेबार में तो सभी झांकते हैं वहां सभी को अपनी कमीज दागी नजर आती है, फिर भला भ्रष्टाचार से कौन निजात दिरायेगा? ऐसी व्यवस्था कब कायम होगी कि जिसे कोई ह्वरिश्वतह्ल छू नहीं सके, जिसको कोई ह्वसिफारिशह्ल प्रभावित नहीं कर सके और जिसकी कोई कीमत नहीं लगा सके। ईमानदारी अभिनय करके नहीं बताई जा सकती, उसे जीना पड़ता है कथनी और करनी की समानता के स्तर तक। आवश्यकता है, राजनीति के क्षेत्र में जब हम जन मुखातिब हों तो प्रामाणिकता का बिल्ला हमारे सीने पर हो। उसे घर पर रखकर न आएं। राजनीति के क्षेत्र में हमारा कुर्ता कबीर की चादर हो। तभी इन मूर्तियों, पुलों, निर्माण कार्यों का भर-भराकर गिरना बन्द होगा।

# देश में नैतिक पतन जारी है : इसे कैसे रोका जाए?

**- एल.एस. हरदेनिया**

**केरल देश** की संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि क्षेत्रों में देश का ही नहीं वरन् दुनिया में भी सर्वोपरि है। अभी हाल में जाहिर किए गए आंकड़े से पता लगा है कि एक लाख में से 19 माताएं या तो बच्चे के जन्म देने के तुरंत बाद या गर्भावस्था के दौरान मर जाती हैं। यह आंकड़ा अमेरिका से भी आगे है। उसके विपरीत उत्तरप्रदेश में 1 लाख में से 167, मध्यप्रदेश में 173 असम में 195 महिलाएं मृत्यु को प्राप्त होती हैं।




पश्चिम बंगाल और केरल सांस्कृतिक दृष्टि से देश के सर्वोपरि राज्य हैं। दोनों राज्यों को देश के महान संस्कृतिकर्मियों ने योगदान दिया है। बंगाल में रवीन्द्रनाथ टैगोर, मदर टेरेसा, सुभाषचन्द्र बोस, ज्योति बसु, आदि शामिल हैं। अनेक कवि, सत्यजीत रे समेत अनेक फिल्मकर्मियों ने जन्म लिया है, ऐसे महान राज्य में एक महिला डाक्टर के साथ जो कुछ हुआ वह बंगाल के चेहरे पर कालिख है। इस महिला डाक्टर के साथ न सिर्फ दुष्कर्म किया गया वरन उसकी हत्या भी की गई। घटना के बाद जो तथ्य सामने आ रहे हैं उनसे लगता है कि वह अनेक गुप्त बातों की जानकार थी जो मेडिकल प्रोफेशन में नहीं होना थी। वह इन बातों को उजागर करे उसके पहले ही उसकी हत्या कर दी गई।

केरल देश की संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि क्षेत्रों में देश का ही नहीं वरन् दुनिया में भी सर्वोपरि है। अभी हाल में जाहिर किए गए आंकड़े से पता लगा है कि एक लाख में से 19 माताएं या तो बच्चे के जन्म देने के तुरंत बाद या गर्भावस्था के दौरान मर जाती हैं। यह आंकड़ा अमेरिका से भी आगे है। उसके विपरीत उत्तरप्रदेश में 1 लाख में से 167, मध्यप्रदेश में 173 असम में 195 महिलाएं मृत्यु को प्राप्त होती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 100 प्रतिशत आबादी शिक्षित हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी इसी तरह पूरे देश में वह सर्वोच्च शिखर पर है। ऐसे प्रदेश में वहां के फिल्म जगत में काम करने वाली महिलाओं ने अपने साथ दुष्कर्म की शिकायत की। उनकी शिकायत के चलते वहां की सरकार ने एक अवकाश प्राप्त हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया। इस आयोग ने वहां की सुप्रसिद्ध अभिनेत्रियों की शिकायत को सुना और यह आयोग इस नतीजे पर पहुंचा कि वहां की प्रसिद्ध अभिनेत्रियों की शिकायत सही है। इस आयोग की रिपोर्ट 2019 में मुख्यमंत्री को भेजी गई। परंतु किन्हीं कारणों से मुख्यमंत्री ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया। इस बीच उन पर दबाव बढ़ता रहा और इस माह में रिपोर्ट सार्वजनिक की गई। रिपोर्ट सार्वजनिक करने में इतनी देर क्यों हुई? इस संबंध में मुख्यमंत्री ने अनेक प्रकार के स्पष्टीकरण दिये हैं जिनमें एक स्पष्टकीरण के अनुसार उनका कहना था कि देरी के लिए आयोग के अध्यक्ष ने स्वयं रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करने का सुझाव दिया था।

कारण जो भी हो परंतु मलियालम में बनी फिल्में अद्भुत समझी जाती हैं। इन फिल्मों को बनाने में जिन अभिनेत्रियों का योगदान रहता है उनके साथ इस तरह का व्यवहार केरल को शर्मसार करने वाली घटना है।

हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि भारतवर्ष शीघ्र ही विश्वगुरू बनेगा। परंतु जो विश्वगुरू बनने वाला है उसके 150 सांसदों एवं विधायकों के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इन मामलों में कुछ दुष्कर्म के भी मामले हैं। जिस देश के 150 जनप्रतिनिधि अपराधों में शामिल हों वह कैसे विश्वगुरू बन पायेगा?

हमारे देश में इस समय महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अनेक अपराधों की खबरें आ रही हैं। महाराष्ट्र में अभी हाल में जो घटना हुई उसकी तो कल्पना ही नहीं की जा सकती थी। एक स्कूल की 4 साल की दो बच्चियों के साथ उसी स्कूल में काम करने वाले एक कर्मचारी ने दुष्कर्म किया। उसी महाराष्ट्र में कुछ दिनों बाद एक 7 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना की खबर सामने आई। असम में भी ट्यूशन से घर वापिस आ रही एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। इसके विरोध में असम में पूरे राज्य में प्रदर्शन हुए। परंतु इस घटना को लेकर वहां के मुख्यमंत्री ने जो प्रतिक्रिया जाहिर की वह चौंकाने वाली है। इस बच्ची के साथ अपराध करने वाला व्यक्ति अल्पसंख्यक पाया गया। इस बात का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में यहां के मूल निवासी अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं। शायद उनका इशारा किसकी ओर है यह वही बता सकते हैं।

समाज में आए दिन सभी रिश्तों को तोड़ते हुए घटनाएं हो रही हैं। एक समाचार के अनुसार एक पत्नी ने अपने बेटे के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। हत्या में तकिये का उपयोग किया गया। हत्या इसलिए की गई क्योंकि अपने पति की इस दूसरी पत्नी की निगाह अपने पति के रिटायर होने पर मिली भारी रकम पर नजर थी। उसको डर था कि उसका पति उनकी पहली पत्नी की संतानों को रकम का भारी हिस्सा दे देंगे। ऐसी स्थिति पैदा हो इसके पहले ही उसने अपने पति की हत्या कर दी। जिस पत्नी ने हत्या की वह स्वयं अपने पहले पति को तलाक देकर दूसरी शादी की थी।

एक और मामले में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या करके स्वयं थाने को सूचित कर दिया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की है। कारण उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था। इस तरह की घटनाएं आए दिन हो रही हैं।

पति-पत्नी का रिश्ता अत्यधिक विश्वास का रिश्ता होता है। परंतु उसमें भी कभी भी खटाई पड़ जाती है और हत्या के समान जघन्य अपराध हो जाते हैं।

## बुंदेली सेना ने डीएम से सड़क बनवाने की उठाई मांग

# सड़क न होने से जान जोखिम में डालकर मठदर जाते श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। आधा सै**कड़ा से ज्यादा ग्रामीणों के आस्था के केंद्र मठदर भैरम बाबा को सड़क की भारी समस्या है। भादौ माह में प्रत्येक मंगलवार को यहां मेला लगता है। श्रद्धालु जान जोखिम में डालकर यहां जाते हैं। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से तीर्थ स्थल की सड़क बनवाने की की मांग की है।

बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मठदर क्षेत्र में ही मुख्यमंत्री ने पिछले साल वृक्षारोपण किया था। मडैयन प्रधान ने मठदर के भैरम बाबा सड़क बनवाने का अनुरोध किया था। अधिकारियों ने उस समय जल्द सड़क बनवाने का भरोसा दिया था। आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। सेहरिन गांव से ढाई किमी लम्बी सड़क वन क्षेत्र से होकर गुजरती है। कच्ची सड़क में कई जगह घुटनों तक पानी व कीचड से



होकर श्रद्धलुओं को जाना पड़ता है। मठदर में पाठा क्षेत्र के कर्वी माफी, सोनेपुर, सिद्धपुर, कोलगदहिया, सेमरिया, शीतलपुर, रेहुटिया, कोठिलिहाई समेत जिले के आस्थावान जाते हैं। श्रद्धालु हर माह दर्शन को जाते हैं। भादौ माह के प्रत्येक मंगल को ग्रामीण भंडारा करते हैं। सड़क न होने से श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होती है।

समस्या का निदान नहीं हो पा रहा। पेयजल समस्या के मद्देनजर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने सोलर पम्प की स्थापना कराई है। पानी की समस्या तो हल हो गई। सड़क की समस्या बरकरार है। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन से तीर्थ स्थल मठदर की सड़क बनवाने की मांग की है। पहले मंगल को कर्वी माफी व सोनेपुर गांव के सैकड़ों आस्थावान मठदर पहुंचे। यहां रोट बनाकर भोग लगाया। परिजनों समेत दर्शन किये। सड़क को लेकर अफसोस जताया।

# गंजरी के खलिहान भूमि से हटायें दबंगों के कब्जे

## भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। भीम आर्मी** भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम को जनसम्पर्क दौरान मऊ तहसील के गढवा गांव के मजरा गंजरी के ग्रामीण सुनील कुमार, रामकमल, राहुल कुमार, रामकुमार, अरविन्द, राममनोहर, रामभजन, रामकुमार, लवलेश, रोशन, सविता, पिंकी व ललित कुमार ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम को गांव के दबंगों के खलिहान की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की थी। शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री सम्बोधित पत्र एसडीएम को सौंपकर कहा कि श्रेणी-6 की जमीन पर अवैध कब्जे हटवाये जायें।

बुधवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने एसडीएम को सौंपे पत्र में कहा कि मऊ तहसील के गढवा गांव में मजरा गंजरी में गाटा संख्या 115 रकबा 0.220 हे पर गांव के दबंगों ने जबरन कब्जा कर रखा है। ये जमीन सार्वजनिक उपयोग खलिहान खाते में दर्ज है। गरीबों को जमीन के सार्वजनिक उपयोग से रोका जाता है। भूमि पर लोगों ने लेखपाल की मिलीभगत से अवैध निर्माण कर लिया है। लोगों की शिकायत पर अवैध कब्जे नहीं हटवाये गये।

उन्होंने एसडीएम से मांग की है कि श्रेणी-6 की सार्वजनिक उपयोग की भूमि से भू-माफियाओं के अवैध कब्जे तत्काल हटवाये जायें।

प्रतिनिधि मंडल में जिला महासचिव श्रीपाल प्रजापति, राहुल दिवाकर, कुलदीप वर्मा, सीएल भारती, सुनील, अरविन्द, रोशन राव, बबलू, राहुल आदि शामिल रहे।

## ज्ञापन सौंपने की मांगी अनुमति

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। आंगनबाडी** कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष श्रीमती ऊषा द्विवेदी ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन परिषदीय विद्यालयों में संचालित 10684 लोकेटेड आंगनबाडी केन्द्रों में ईसीसीई एजुकेटर रखे जाने के विरोध में आंगनबाडियों की लम्बित जायज मांग बाबत 29 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपना है।

बुधवार को आंगनबाडी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष श्रीमती ऊषा द्विवेदी ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि उनका संगठन अनुशासित संगठन है।

प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर 29 अगस्त को इस बाबत देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपना है। संज्ञान में आया है कि 29 अगस्त को जिले के सभी आंगनबाडी केन्द्रों का संचालन बन्द रहे। ज्ञापन सौंपने को आदेश देने का अनुरोध किया है। इस मौके पर आंगनबाडी दुर्गावती, केतकी देवी, संतोषी देवी, ज्ञानमती, पूनम सिंह, गोमती, सावित्री आदि शामिल रहीं।

## दो अन्तर्जनपदीय गांजा तस्करों से 25 किलो गांजा बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। पुलिस** अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की टीम ने दो अंतर्जनपदीय गांजा तस्करों के कब्जे से 24 किलो 690 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि बुधवार को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि दो गांजा तस्कर गांजा लेकर कमासिन-बांदा की ओर से राजापुर



जा रहे हैं। पुलिस टीम ने चिल्लीमल मोड़ से बिना नम्बर की मोटरबाइक सवार ननकू यादव व रामजस यादव पुत्र स्व भोला यादव सिकरी अमान को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 24 किलो 690 ग्राम गांजा बरामद किया। थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। बरामद मोटरबाइक को सीज किया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 740000 रुपये आंकी गई है। पूंछतांछ में तस्करों ने बताया कि वे गांजा को कौशाम्बी, चित्रकूट, फतेहपुर व बांदा जिले में सप्लाई करते हैं।

ननकू पर बांदा के कमासिन व चित्रकूट तथा मानिकपुर थाने में गांजा तस्करी के मामले दर्ज हैं। टीम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी, दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय, दरोगा शिवमणि मिश्रा, दरोगा यूटी शिवम कनौजिया, सिपाही शक्ति सिंह, अतुल मिश्रा, राहुल पुरी, ललित सोनी व सतीश कुमार शामिल रहे।

## कुआ में गिरने से बालक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट। बरगढ़ थाने के मुर्का गांव में** 14 वर्षीय छात्र आसिफ अली पुत्र शाहिद अली स्कूल से घर लौटते समय घर के पास बने कुआ के सामने बच्चों के साथ खेल रहा था। अपरान्ह दो बजे अचानक बारिश होने से बचने को वह घर की ओर दौड़ पडा। दौड़ते समय पैर फिसलने से कुआ में गिरकर डूब गया।

ये हादसा मंगलवार को हुआ। बताया गया कि 15 मिनट बाद परिजनों को जानकारी हुई। तब तक आसिफ की हालत गंभीर हो चुकी थी। परिजनों ने तत्काल उसे कुआ से बाहर निकाला, तब तक उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को बुधवार को मर्चरी भेजा। आसिफ के परिजन घटना से सदमे में हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस ने दबोचे वांछित-वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। पुलिस** अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने एक वांछित व एक वारंटी दबोचा है। बुधवार को चैकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता ने सिपाही नागेश, रविशंकर के साथ अपहरण के वांछित शेष कुमार पुत्र रामलाल साहू खटकाना शंकर बाजार को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा नीरज कुमार ने विद्युत अधिनियम के वारंटी रशीद खान पुत्र स्व समसुल पुरानी बाजार भैंरोपागा रोड को गिरफ्तार किया।

## 24 घंटे में मोटरबाइक समेत दो चोर दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट। पुलिस** अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय की अगुवाई में पुलिस ने मोटरबाइक चोरी की घटना का 24 घंटे में खुलासा कर दो चोरों को चोरी की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 27 अगस्त को सरधुवा थाने के चिल्लीमल गांव/हाल पता लालतारोड कस्बा मऊ के शुभम




मिश्रा पुत्र अवधेश मिश्रा ने थाने में सूचना दी कि कमरे के सामने से अज्ञात चोर मोटरबाइक चुरा ले गये। पुलिस ने मामला दर्जकर मोटरबाइक बरामदगी को दरोगा यूटी अभिनव प्रताप सिंह को निर्देश दिये।

दरोगा ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को सवेरे 10.20 पर अहिरी पेट्रोल पम्प के पास से कमलेश पुत्र शम्भू बम्बुरा व छोटेलाल पुत्र प्राण निषाद भिटारी को चोरी की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया। बरामदगी पर धारायें बढायी। चोरों का आपराधिक इतिहास है। टीम में दरोगा यूटी अभिनव प्रताप सिंह, सिपाही राहुल पाण्डेय व अभिषेक कुमार शामिल रहे।

# जिपं अध्यक्ष बने सडक निधि प्रबंध समिति के सदस्य

बधाई देने का लगा तांता



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। प्रदेश** शासन ने उप्र राज्य सड़क निधि प्रबंध समिति के सदस्य पद पर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चैधरी भूपेंद्र सिंह की संस्तुति पर राज्यपाल ने जिला पंचायत के लोकप्रिय अध्यक्ष अशोक जाटव को सदस्य नामित किया है। उनके सदस्य नामित होने पर जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व पार्टी नेताओं ने बधाई दी है।

बुधवार को सड़क प्रबंधन समिति के नवनियुक्त सदस्य अशोक जाटव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की गरज से समिति गठित की है। प्रदेश के सभी क्षेत्र को प्रतिनिधित्व दिया है। बुंदेलखंड में जितनी सड़कें खराब हैं, प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराई जायेगी। अब प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जायेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने आम जनता की सुविधाओं के मद्देनजर सड़कों के रखरखाव को बेहतर करने को सराहनीय कदम उठाया है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया। कहा कि जनता को सड़कों की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिला पंचायत सभागार में ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविंद कुमार मिश्रा, भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, सुनील सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य उमाकांत त्रिपाठी, शिव अवतार त्रिपाठी, दशरथ प्रजापति, वार्ड मेम्बर शंकर यादव, ओमप्रकाश बालाजी, दीपक द्विवेदी, गोलू गर्ग, चेतन तिवारी, ज्ञान सिंह पटेल, मनोज पटेल, प्रदीप, ज्ञानेंद्र चैधरी आदि ने उप्र सड़क विकास निधि प्रबंधन समिति का सदस्य नामित होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव को बधाई दी।

## समस्या निस्तारण के अध्यक्ष ने दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। नगर** पालिका परिषद कर्वी कार्यालय पर विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याओं को नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने सुना। उन्होंने समस्या सुनकर जल्द निस्तारण को अधिकारियों को निर्देश दिये।

बुधवार को नगर पालिका कर्वी कार्यालय में अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने पालिका क्षेत्र के लोगों की समस्यायें सुनी। ज्यादातर लोगों ने सडक, नाली, जल निकासी की समस्यायें बताई। कुछ लोगों ने वार्ड में बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने



की मांग की। अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने सभी लोगों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विस्तारित होने से समस्यायें भी बढी हैं। समस्याओं को बारी-बारी से निपटाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस मौके पर ईओ लालजी यादव समेत नगर पालिका स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

## ऊफान पर बरदहा नदी, बालबाल बचा युवक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। पहाड़ी** इलाकों में लगातार हो रही बारिश से बरदहा नदी जल स्तर बढ़ गया है। जल स्तर वृद्धि से मानिकपुर तहसील के चमरौंहा गांव के पास नदी पर बनी पुलिया ऊपर से पानी बहने लगा है।

मंगलवार को बाइक सवार युवक के नदी पार करते समय तेज बहाव में बाइक समेत वह बहने लगा। वहां मौजूद ग्रामीणों ने उसे बचाने का प्रयास किया।

युवक ने सूझबूझ से नदी किनारे पहुंचने की कोशिश की। आखिर ग्रामीणों की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाला। बाइक भी सुरक्षित निकाली गई। हादसे में युवक की जान बाल-बाल बची।

नदी के बढ़ते जल स्तर व पुलिया के ऊपर से बहते पानी को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। लगातार बारिश से जल स्तर बढ़ने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

## खेल से मिलते हैं रोजगार-स्वास्थ्य: बीएसए

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। राष्ट्रीय खेल** दिवस पर क्षेत्रीय खेल कार्यालय व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 120 खिलाड़ियों व बालिका वर्ग में 72 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जनसेवा इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने खेल का जबरदस्त प्रदर्शन कर प्रतिद्वंदियों को हराते हुए टीम ने विजेता होने व बी टीम ने उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया। बालक वर्ग में सरदार खा टीम विजेता रही। सरस्वती विद्या मंदिर उपविजेता रही।

बुधवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शुभारम्भ किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश



उपाध्याय व मिड-डे-मील प्रभारी ज्ञानेंद्र मिश्रा की मौजूदगी में क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार ने मुख्य अतिथि व खिलाड़ियों ने स्वागत-आभार जताया। बीएसए बीके शर्मा ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है। खेल से व्यक्ति स्वस्थ्य व बलिष्ठ बनता है। स्वस्थ्य व्यक्ति ही प्रदेश-देश का विकास करता है। प्रदेश सरकार ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को यूपी पुलिस अधीक्षक पद व जिला युवा कल्याण अधिकारी पद, आरटीओ विभाग निरीक्षक पद देकर रोजगार दिया है।

खेल विभाग में निदेशक से लेकर सहायक प्रशिक्षक तक खिलाड़ियों को नौकरी दी जाती है। खेल से रोजगार व खेल से स्वास्थ्य दोनों मिलते हैं। कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन सफलता की ओर ले जाता है। प्रतियोगिता संपन्न कराने में श्याम सुंदर, कृष्णा, अंगद सिंह, फिरोज अंसारी, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार शामिल रहे।

## धरने पर बैठे, अधिकारियों ने समझाया

## संविदा लाइनमैन की मौत पर परिजनों ने मांगा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। ट्रांसफार्मर** लगाते समय विद्युत पोल से नीचे गिरने पर संविदा कर्मी लाइनमैन की मौत होने पर मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर शव रखकर धरना दिया। अधिकारियों के समझाने पर परिजन शांत हो गए।

बुधवार को सदर तहसील क्षेत्र के हिनौतामाफी गांव के मडली पुरवा के रामफल यादव पुत्र बाबूलाल ने बताया कि भाई मईयादीन यादव विद्युत विभाग में संविदा लाइनमैन पद पर कार्यरत था। विभागीय



अधिकारियों के आदेश पर मंगलवार को रेहुटा गांव के धर्मपुरहा पुरवा में विद्युत पोल पर ट्रांसफार्मर लगवाने गया था। पोल में ट्रांसफार्मर चढाने दौरान पैर फिसलने से नीचे गिरकर मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इलाज को जिला अस्पताल लाये। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। पोस्टमार्टम बाद परिजन मृतक का शव लेकर पोस्टमार्टम हाउस के बाहर धरने पर बैठ गये। परिजनों ने कहा कि उप्र पावर कारपोरेशन नियमानुसार तैनाती स्थल पर दुर्घटना में कर्मचारी मृत्यु होने पर मृतक आश्रितों को साढे सात लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। मृतक आश्रितों को आर्थिक मदद दिलायी जाये। मौके पर एसडीएम, सीओ, कर्वी कोतवाल पहुंचे। अधिकारियों ने समझाया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने बाद नियमानुसार कार्यवाही होगी। परिजन शांत हो गये। शव लेकर गांव चले गये।

## सम्पत्ति क्षतिकारक को जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। पुलिस** अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह व पैरोकार सुजीत यादव की पैरवी व सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह की प्रभावी बहस से न्यायाधीश ग्राम न्यायालय मानिकपुर सुश्री खुशबू चन्द्रा ने मानिकपुर थाने में दर्ज सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने के मामले के आरोपी राजेश कुमार सिंह पुत्र हीरामणि सिंह टिकरी कोटवा कामोर पनवार जिला रीवा मप्र को न्यायालय उठने तक की सजा व पांच सौ रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

# अमेरिका और चीन बढ़ा रहे परमाणु हथियार, दो महाशक्तियों के बीच फंसा भारत



**बीजिंग: हिंद** प्रशांत क्षेत्र में परमाणु हथियारों की होड़ तेज होती दिख रही है। इसका सबसे बड़ा कारण वैश्विक शक्तियों का अपनी रणनीतियों को फिर से व्यवस्थित करना है। हथियारों को लेकर अमेरिका चीन पर कंट्रोल नहीं पा सका है, जिसके बाद वह अपने हथियारों को अपग्रेड कर रहा है। चीन भी लगातार अपने परमाणु हथियारों के विकास में लगा है। इसके अलावा रूस, चीन और उत्तर कोरिया आपस में सहयोग कर रहे हैं, जिससे तीन मोर्चों पर परमाणु समस्या पैदा हो गई है। इस कारण अमेरिका को परमाणु हथियारों से जुड़े दिशानिर्देश अपडेट करने पड़े हैं। अभी तक यह साफ नहीं है कि इसका मतलब क्या है। लेकिन इससे अंततः अमेरिकी परमाणु हथियार शस्त्रागार की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है, लेकिन इसकी मात्रा में नहीं।

यह डेवलपमेंट क्षेत्र की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिसका क्षेत्रीय स्थिरता पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। यह क्षेत्र में हथियारों को लेकर तीव्र प्रतिस्पर्धा और उन्हें ज्यादा से ज्यादा बनाने की होड़ भी बढ़ा सकता है, जिसमें अब एक परमाणु घटक भी शामिल होता दिख रहा है। भारत, इंडो-पैसिफिक में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में इस परमाणु हथियारों की दौड़ के बीच खुद को एक अनिश्चित स्थिति में पाता है। लगातार बढ़ती परमाणु हथियारों की दौड़ हिंद प्रशांत में भी एक परमाणु हथियारों की रेस शुरू करेगी।

### भारत को चाहिए मिसाइल ताकत

एक्सपर्ट्स सवाल करते हैं कि क्या क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण भारत को अपनी परमाणु क्षमताओं या न्यूक्लियर डॉक्टरेन में बदलाव करना होगा। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के प्रोफेसर राजेश राजगोपालन ने द प्रिंट में एक लेख में कहा, 'भारत की परमाणु शक्ति में निश्चित रूप से सुधार की जरूरत है। लेकिन हमें केवल आकार की जगह अपने हथियारों की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए।' उनका कहना है कि भारत को अधिक लंबी दूरी की मिसाइलों की जरूरत है, जो वास्तव में पूरे चीन को कवर कर सकें।

### पूरे चीन पर हमला कर सकता है भारत

भारत ने हाल ही में अग्नि-5 मिसाइल की तैनाती की है, जो देश की एकमात्र लंबी दूरी की मिसाइल है जो भारत के किसी भी हिस्से से पूरे चीन को कवर कर सकती है। इसके अलावा रिपोर्ट के मुताबिक भारत के पास कोई पनडुब्बी से लॉन्च होने वाली मिसाइल नहीं है जो बंगाल की खाड़ी से चीन को धमकी दे सके। इसके अलावा हवा से परमाणु ताकत को भी बढ़ाना है। अगर भारत को चीन की बढ़ती परमाणु ताकतों का जवाब देना है तो इन क्षेत्रों पर काम करने की आवश्यक्ता पड़ेगी। भारत के परमाणु हथियारों के विकास की धीमी गति पर भी ध्यान देने की जरूरत है। प्रोफेसर राजेश राजगोपालन सुझाव देते हैं कि भारत को चीन से बराबरी करने या चीन की ताकत का कुछ अनुपात बनाए रखने के लिए अपने परमाणु हथियारों के विशाल विस्तार की जरूरत नहीं है और न ही अपने परमाणु सिद्धांत बदलना है।

# ग्रीस के कदम से कंगाली की कगार पर पहुंचा तुर्की



**अंकारा: तुर्की** का पर्यटन उद्योग दुनिया में सबसे अच्छी कमाई करता आया है। लेकिन इस बार यह गर्मी में आश्चर्यजनक मंदी का सामाना कर रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल की तुलना में कमाई और पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। लेकिन जमीन की हकीकत इससे अलग है। होटल उद्योग में बड़ी गिरावट देखी गई है। स्थानीय स्तर पर भी लोग छुट्टियों के लिए तुर्की से बाहर जा रहे हैं, जिसके पीछे का एक कारण ग्रीस माना जा रहा है, जिसने हाल ही में नए वीजा शुरू किए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक पर्यटन उपभोक्ता परिसंघ, टोकोनफेड के मेहमत जेम ने कहा कि वर्षों में पहली बार है जब तुर्की के होटल अपने कमरों को भरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले जुलाई में 90-95 फीसदी तक होटल भरे रहते थे। लेकिन इस बार सिर्फ 60 फीसदी तक अधिकतम कमरे भर सके। कोविड प्रतिबंध समाप्त होने के बाद से दुनिया भर में विदेशी पर्यटकों की संख्या में हर साल वृद्धि हो रही है। लेकिन भूमध्य सागर के अन्य गंतव्यों की तुलना में वृद्धि धीमी है। यहां तक कि तुर्की के लोग भी तुर्की में पर्यटन करने के जगह विदेशों में जा रहे हैं। तुर्की में इस समय आर्थिक चुनौतियां, विशेष रूप से बढ़ी हुई महंगाई स्थानीय नागरिकों को छुट्टी लेने के लिए हतोत्साहित कर रही है। तुर्की में आधिकारिक रूप से मुद्रास्फीति 61.8 फीसदी है। जीवनयापन में लागत संकट ने स्थानीय लोगों को कम छुट्टियां लेने के लिए मजबूर कर दिया है।

### होटलों को भरना हुआ मुश्किल

होटल मालिकों को लगातार कम पर्यटन से परेशानी हो रही है। तुर्की में एक होटल चलाने वाले नूर डुमन का कहना है कि केवल वह होटल भरे हैं, जो समुद्र या झीलों के किनारे हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण अब लोगों को अपने होटलों की कीमतें कम करनी पड़ रही है। बिजली और अन्य जरूरी चीजों की लागत हमारे मुनाफे को और भी ज्यादा कम कर रही है।

# किम जोंग ने बढ़ाई अमेरिका की टेंशन, नए महाविनाशक रॉकेट लॉन्चर का उत्तर कोरिया ने किया टेस्ट

**प्योंगयांग: उत्तर** कोरिया एक बार फिर अपने हथियारों की टेस्टिंग करने में लगा है। खास बात है कि इन हथियारों की टेस्टिंग का निरीक्षण खुद किम जोंग उन ने किया है।

उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने बुधवार को बताया कि सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने उन्नत 240 मिमी रॉकेट लॉन्चर सिस्टम के परीक्षण का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण किया। कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (ङउठअ) ने बताया कि निरीक्षण परीक्षण के दौरान सिस्टम ने गतिशीलता और स्ट्राइक की सटीकता में अपनी श्रेष्ठता साबित की है।

बयान में कहा गया है कि लॉन्चर को तकनीकी रूप से इसकी गतिशीलता और केंद्रित फायरिंग क्षमता में अपडेट किया गया है। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार सुधारों में नया गाइडेड सिस्टम, बेहतर नियंत्रण और बढ़ी हुई विनाशकारी शक्ति शामिल है। यह डेवलपमेंट तब हुआ है जब उत्तर कोरिया की ओर से अपनी सेना को नए 240 मिमी मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम से लैस करने के इरादे की घोषणा की गई थी। कथित तौर पर यह दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल पर हमला कर सकता है।

### आत्मघाती ड्रोन भी बना रहा उत्तर कोरिया

फरवरी में उत्तर कोरिया ने दावा किया था कि इन अपडेट से उसकी रक्षा क्षमताओं में बढ़ोतरी होगी। मई में उसने घोषणा की कि अपडेट लॉन्चर को 2024 से 2026 तक सेना की यूनिट में तैनात किया जाएगा।

# बांग्लादेश में कब होंगे चुनाव, पीएम बनने को बेचैन भारत विरोधी खालिदा जिया



**ढाका: बांग्लादेश** में राजनीतिक उथल-पुथल अभी खत्म नहीं हुई है। हफ्तों तक चली हिंसा और विरोध प्रदर्शनों के दौरान 600 से अधिक लोगों की मौत के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार काम कर रही है। हालांकि, इस सरकार के सामने एक खास लेकिन मुश्किल काम है। वह है- बांग्लादेश में लोकतांत्रित तरीके से चुनी गई सरकार के लिए चुनाव कराना। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव के आठ महीने के भीतर ही युवा आंदोलन के जरिए सत्ता से बाहर कर दिया गया। बांग्लादेश में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) है। इसकी प्रमुख पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया हैं, जो एक दशक तक जेल में रहीं या राजनीति से दूर रहीं। उनके बेटे और बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान भी अभी लंदन में निर्वासन में रह रहे हैं। खालिदा जिया की बीएनपी बांग्लादेश में तुरंत चुनाव कराने पर जोर दे रही है, जबकि मोहम्मद यूनुस ने संकेत दिया है कि इसमें अभी देरी होगी।

### बांग्लादेश में यह पांचवीं कार्यवाहक सरकार

बांग्लादेश में 1990 में संसदीय चुनाव कराने के लिए पहली बार व्यवस्था की गई थी। हालांकि, उसके बाद से यह पहली अंतरिम या कार्यवाहक सरकार नहीं है। बांग्लादेश में 1990 के बाद से यह पांचवीं कार्यवाहक सकता है। कार्यवाहक सरकार की व्यवस्था जनरल हुसैन अरशद के सैन्य शासन को समाप्त करने के लिए बनाई गई थी, क्योंकि प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों ने 1990 के संयुक्त घोषणापत्र जारी किया था, जिसमें स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कार्यवाहक सरकार का प्रावधान किया गया था। पहली कार्यवाहक सरकार बिना किसी कानूनी, संसदीय या संवैधानिक समर्थन के बनाई गई थी। हालांकि, एक बार जब नई सरकार आई, तो 1991 में बांग्लादेश की विधायिका द्वारा इस प्रावधान की पुष्टि की गई। लेकिन दो मुख्य दलों, बीएनपी और अवामी लीग के बीच तीखे मतभेद उभर आए, जिससे इस पर एक ठोस कानून बनाने में देरी हुई। 1996 का अगला चुनाव बांग्लादेश के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार के तहत हुआ।

# इजरायल के कमांडो ने हमास के कब्जे से बंधक को जिंदा छुड़ाया



**तेल अवीव:** इजरायल की सेना (कळ्ळ्ह्र) ने एक स्पेशल अभियान में हमास के कब्जे से इजरायली बंधक को जिंदा छुड़ाने में सफलता हासिल की है। इजरायल की सेना ने कहा कि 52 वर्षीय कायद फरहान अलकादी को दक्षिणी गाजा पट्टी में एक अभियान के तहत छुड़ा लिया गया। अलकादी को बीते साल सात अक्टूबर के हमले के दौरान हमास के आतंकियों ने अगवा कर लिया था। 10 महीने से अधिक समय तक कैद में रहने के बाद मंगलवार को आतंकी समूह की एक सुरंग से आईडीएफ के विशेष बलों ने उन्हें सुरक्षित बचा लिया। आईडीएफ ने बताया कि अलकादी को हमास की एक सुरंग के अंदर पाया गया।

### अरब समुदाय के हैं अलकादी

आईडीएफ ने बंधकों और सैन्य बलों की सुरक्षा के कारण का हवाला देते हुए ऑपरेशन की अधिक जानकारी नहीं दी। कायद फरहान अलकादी अरब बेडौइन समुदाय से हैं। 7 अक्टूबर को हमले के दिन वह गाजा की सीमा से 5 किलोमीटर दूर किबुत्ज मैगन में पैकिंग फैक्ट्री में गार्ड के रूप में काम कर रहे थे। हमास के आतंकवादियों ने उन्हें अगवा कर लिया था और अन्य बंधकों के साथ गाजा लेकर गए थे। अलकादी के दी बीवियां और 11 बच्चे हैं।

### खुफिया इनपुट से पहुंचे कमांडो

आईडीएफ प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियर हगारी ने ऑपरेशन को साहसी और जटिल बताया। हगारी ने सटीक और खुफिया जानकारी के आधार पर सैनिक उस क्षेत्र में पहुंचे, जहां अलकादी को रखा गया था। हगारी ने उन अफवाहों को खारिज किया कि अल-कादी से सुरंग से भागने में सफल रहे थे। उन्होंने कहा कि 'सैनिकों ने फरहान को जमीन के अंदर से बचाया। वह हमारे बलों से जमीन के अंदर (सुरंग) मिले।'

हमास चीफ को फंसाने इजरायल-अमेरिका ने बिछाया बड़ा जाल, क्या बच पाएगा।

# यूक्रेन ने रूस में 100 बस्तियों पर कब्जा करने का किया दावा



**कीव/मास्को। यूक्रेनी** सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ ओलेक्सांद्र सिरस्की ने कहा कि 6 अगस्त को रूस के कुर्स्क क्षेत्र में घुसने के बाद से यूक्रेनी सैनिकों ने 100 बस्तियों पर कब्जा कर लिया है।

मंगलवार को इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने सिरस्की के हवाले से कहा, "हम आगे बढ़ रहे हैं, रूसी सैनिकों को महत्वपूर्ण नुकसान हो रहा है।"

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि रूस ने अन्य क्षेत्रों से लगभग 30,000 सैनिकों को कुर्स्क में फिर से तैनात किया है और यूक्रेनी बलों को चारों ओर से घेरने की कोशिश कर रहा है।

इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसके विशेष बलों ने कुर्स्क क्षेत्र के सुदझा जिले में एक ऊंचाई वाली जगह को सुरक्षित करने के लिए एक अभियान चलाया है। यह क्षेत्र पहले यूक्रेन के कब्जे में था।

यह ऊंचाई वाली जगह यूक्रेनी ठिकानों से 400-500 मीटर दूर स्थित है। रूसी सैनिक अब यूक्रेनी सैन्य गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं।

सिरस्की ने कहा कि यूक्रेन ने अपने सुमी क्षेत्र में गोलीबारी को रोकने के लिए एक बफर जोन बनाने के उद्देश्य से कुर्स्क में अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि उनके सैनिक आगे बढ़ रहे हैं और उन्होंने 594 रूसी सैनिकों को पकड़ लिया है।

सिरस्की के अनुसार, रूस अन्य मोर्चों से सैनिकों को वापस बुलाकर यूक्रेन का विरोध करने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि रूस यूक्रेन के पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में पोक्रोवस्क मोर्चे से सेना वापस नहीं हटा रहा है, जहां उन्होंने कहा कि स्थिति "कठिन" बनी हुई है।

5-6 अगस्त की रात से ही कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना ने सीमा से लगभग 10 किमी (6.2 मील) दूर सुदजा शहर के पास इस क्षेत्र में प्रवेश किया था।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कीव पर "बड़े पैमाने पर उकसाने" और "अंधाधुंध गोलीबारी" करने का आरोप लगाया, तथा इस आक्रमण को "आतंकवादी हमला" बताया।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने स्वीकार किया कि यह यूक्रेन के सैनिकों द्वारा किया गया एक "ऑपरेशन" था। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका लक्ष्य रूसी हमलों के विरुद्ध "बफर जोन" बनाना है।

# अमेरिका में क्या कमला हैरिस बनाएंगी इतिहास



**न्यूयार्क: अमेरिका** की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस वाइट हाउस के लिए अपना अभियान शुरू कर रही हैं। भारतवंशी कमला खुद का नाम इतिहास में दर्ज कराने के लिए भी पूरी मशक्कत करेंगी। साल 1836 के बाद से, केवल एक मौजूदा उपराष्ट्रपति जॉर्ज एच डब्ल्यू बुश 1988 में राष्ट्रपति पद पर चुने गए थे। उपराष्ट्रपति रहते हुए व्हाइट हाउस पहुंचने की कोशिश में असफल रहे लोगों में 1960 में रिचर्ड निक्सन, 1968 में ह्यूबर्ट हम्फ्री और 2000 में अल गोर शामिल रहे हैं। युद्ध और घोटालों से लेकर अपराध और टेलीविजन पर होने वाली बहसों जैसे मुद्दों से प्रभावित चुनावों में तीनों हार गए। लेकिन प्रत्येक उपराष्ट्रपति के लिए दो अन्य कारक भी महत्वपूर्ण साबित हुए: क्या निवर्तमान राष्ट्रपति लोकप्रिय थे और क्या राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के बीच संबंध अच्छे थे? प्रिंसटन विश्वविद्यालय में इतिहास और सार्वजनिक मामलों के प्रोफेसर जूलियन जेलिजर कहते हैं, ह्यलोग वास्तव में चाहते हैं कि दोनों मिलकर काम करें।ह्ल उन्होंने कहा, ह्यअगर उपराष्ट्रपति जिस व्यक्ति के साथ काम कर रहा है, वह लोकप्रिय है तो लोग उसकी कार्यशैली को पसंद करते हैं।ह्ल साल 1988 में, बुश ने मैसाचुसेट्स के गवर्नर डेमोक्रेट माइकल डुकाकिस को आसानी से हरा दिया, जिन्हें रिपब्लिकन ने कमजोर और संपर्क से परे करार दिया था। बुश को एक ठोस अर्थव्यवस्था और शीत युद्ध के तनाव में कमी से मदद मिली। राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन की स्वीकृति रेटिंग 1986-87 के ईरान-कॉन्ट्रा घोटाले के मद्देनजर तेजी से गिरने के बाद बढ़ी और रीगन तथा बुश ने चुनाव अभियान के दौरान एक साथ अच्छा काम किया।

### रीगन द्वेष रखने वाले व्यक्ति नहीं'

रीगन ने अपने उपराष्ट्रपति का खुलकर समर्थन किया, जिन्होंने 1980 के प्राइमरी में उनके खिलाफ चुनाव लड़ा था। उन्होंने रिपब्लिकन सम्मेलन में बुश की प्रशंसा एक प्रतिबद्ध और अमूल्य भागीदार के रूप में की, कैलिफोर्निया की एक रैली में उनके साथ दिखाई दिए और मिशिगन, न्यू जर्सी और मिसौरी में सभाओं में भाषण दिया।

# ढाका में भारतीय वीजा आवेदन केंद्र की सुरक्षा बढ़ाई



**ढाका। सैकड़ों** वीजा आवेदकों ने सोमवार को ढाका में भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) के बाहर उग्र प्रदर्शन किया। इसके बाद मंगलवार को वीजा केंद्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी।

राजधानी ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क से संचालित केंद्र के समक्ष भीड़ द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने के बाद भारतीय उच्चायोग ने सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया था।

लोगों ने वीजा देने से इनकार किए जाने के बाद भारत विरोधी नारे लगाए। उस समय स्थिति लगभग नियंत्रण से बाहर हो गई थी।

डेली स्टार के अनुसार "भारतीय वीजा आवेदन केंद्र के कर्मचारियों और कर्मियों को भी परेशान किया गया और उन्हें धमकी दी गई। इससे उनका काम प्रभावति हुआ।"

भारतीय अधिकारियों ने बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के साथ इस मामले को उठाया था। उनसे वीजा केंद्र की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की गई।

एक अधिकारी के अनुसार विरोध प्रदर्शन तब शुरू हुआ, जब लोगों को पासपोर्ट वापस किए जा रहे थे। डेली स्टार के मुताबिक "भारतीय अधिकारी ने कहा कि भीड़ के अनियंत्रित व्यवहार के कारण, वे काम करने में असमर्थ हैं।"

हालांकि, आईवीएसी को खुला रखा गया है और आपातकालीन तथा चिकित्सा मामलों के लिए कार्य कयिा जा रहा है।

फलिहाल सभी वीजा आवेदन जमा करने को निलंबित कर दिया गया है। केवल पासपोर्ट देने के लिए ढाका, चटगांव, सिलहट, जशोर, खुलना, सतखीरा, मैमनसिंह और राजशाही में आईवीएसी केंद्र सीमित स्?तर पर काम कर रहे हैं।

ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग तथा चटगांव, राजशाही, सिलहट और खुलना स्थित सहायक उच्चायोग बांग्लादेश में हाल के घटनाक्रमों के बाद भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी में सहायता कर रहे हैं।

# यमन में भयंकर बाढ़ से 25 लोगों की मौत



**सना। यमन** के अल-महवित क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है।

मंगलवार को 24 घंटे से अधिक की भारी बारिश के कारण अल-महवित में अचानक आई बाढ़ के कारण तीन बांध टूट गए और मल्हान जिले में दर्जनों घर बह गए।

सूत्रों ने बताया कि कई ग्रामीण अभी भी लापता हैं, इसलिए बचाव अभियान जारी है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने कहा, "स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इस महीने की शुरूआत में होदेइदाह और हज्जाह क्षेत्रों में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ ने 45 लोगों की जान ले ली और इससे 12,000 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा है।"

डब्ल्यूएचओ ने संघर्ष-ग्रस्त देश में बरसात के मौसम में दूषित पानी और खराब स्वच्छता के कारण बीमारियों के फैलने की संभावना के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है।

बता दें कि यमन 2014 से गृहयुद्ध में फंसा हुआ है, जब हौथी समूह ने कई उत्तरी प्रांतों पर कब्जा कर लिया, जिससे यमनी सरकार को राजधानी सना छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "इससे पहले 25 अगस्त को इंडोनेशिया के उत्तरी मालुकु प्रांत में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से कई घरों और बुनियादी ढांचे के नष्ट हो जाने के बाद 13 शव बरामद किए गए थे। इसके अलावा छह लोग अभी भी लापता हैं।"

लगभग एक दशक से चल रहे युद्ध से जूझ रहा यमन लगभग हर साल भारी बारिश के कारण भयंकर बाढ़ का सामना करता है। वहां जलवायु परिवर्तन के कारण भारी बारिश हो रही है।

संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता एजेंसी ओसीएचए ने 19 अगस्त को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि जुलाई से अब तक बाढ़ के कारण होदेदा प्रांत में 36, इब्ब में नौ, मारिब में आठ और तैज में सात लोगों की मौत हो चुकी है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।